शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 175 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 21 जुलाई 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पूजा खेडकर विवाद के बीच यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

## यूपीएससी अध्यक्ष सोनी के इस्तीफे के बाद फ्रंटफुट पर कांग्रेस, एनटीए प्रमख को लेकर भी उठाए सवाल

### संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया

**नई दिल्ली**

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) अध्यक्ष मनोज सोनी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2029 में खत्म होना था। उन्होंने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है। सोनी ने 2017 से आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करने के बाद 16 मई, 2023 को अध्यक्ष का पदभार संभाला था। अध्यक्ष का कार्यकाल छह साल का होता है। पता चला है कि उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। मनोज सोनी आयोग का हिस्सा बनने से पहले दो विश्वविद्यालयों के कुलपति भी रह चुके हैं। संघ लोक सेवा आयोग केंद्र सरकार की विभिन्न परीक्षाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इनमें सिविल सेवा परीक्षाएं भी शामिल हैं।

आयोग आमतौर पर आईएएस, आईएफएस, आईपीएस और केंद्रीय सेवाओं में प्रतिष्ठित पदों के लिए उम्मीदवारों की सिफारिश करता है। विपक्षी पार्टी ने दावा किया कि ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने व्यवस्था को दूषित किया है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया



कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी बचे क्यों हैं? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर कर दिया जाएगा।

**एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए केंद्रवार परिणाम घोषित किए**

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षाझ स्नातक (नीट-यूजी) 2024 का परिणाम घोषित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 18 जुलाई को एनटीए को 20 जुलाई तक नीट-यूजी 2024 के नतीजे केंद्रवार और शहरवार दोनों तरह से जारी करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी छात्रों की पहचान उजागर किए बिना उनके अंक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे। एनटीए ने इस साल 5 मई को नीट-यूजी परीक्षा 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसका परिणाम 4 जून को घोषित किया गया था। प्रभावित उम्मीदवारों के लिए 23 जून को फिर से परीक्षा हुई, जिसके परिणाम 30 जून को घोषित किए गए। लगभग 24 लाख उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में शामिल हुए और 1,563 उम्मीदवारों ने फिर से परीक्षा दी।

**एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए केंद्रवार परिणाम घोषित किए**

### यूपीएससी में हुए कई घोटाले :राष्ट्रीय चिंता का विषय: खरगे

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने दावा किया है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष मनोज सोनी का इस्तीफा संस्था के भीतर चल रही अंदरूनी गड़बड़ियों की वजह से लिया गया है। पार्टी के अनुसार यूपीएससी में फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए सिविल सेवा में चयन जैसी गंभीर चिंताजनक घटनाएं इस संस्था की साख, अखंड़ता और स्वायत्तता पर गहरे सवाल खड़े करती हैं।

**मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया यह कारण**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तो आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस व्यवस्थिति तरीके से संवैधानिक निकायों पर संस्थागत



कब्जे में जुटी है और यूपीएससी में हुए कई घोटाले राष्ट्रीय चिंता का विषय हैं। कांग्रेस ने यूपीएससी अध्यक्ष मनोज सोनी के व्यक्तिगत कारणों के आधार पर इस्तीफा देने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि सच यह है कि उन्हें पूजा खेडकर के फर्जी चयन मामले के सामने आने के बाद पद छोड़ने को कहा गया है। खरगे ने एक्स पोस्ट पर बयान जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्री को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए।

### क्या कई घोटालों और इस्तीफे के बीच कोई संबंध है: कांग्रेस

**खरगे** ने कहा कि जाति और मेडिकल प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा करने वाले अयोग्य व्यक्तियों के कई मामलों ने पूर्ण सुरक्षित व्यवस्था को धोखा दिया है। यह सिविल सेवा की तैयारी में दिन रात जुटे एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों सहित लाखों मेधावी उम्मीदवारों की वास्तविक आकांक्षाओं का सीधा अपमान है। खरगे ने कहा कि यह बेहद परेशान करने वाली बात है कि यूपीएससी अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल खत्म होने से पांच साल पहले ही इस्तीफा दे दिया पर एक महीने तक इसे क्यों गुप्त रखा गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कई घोटालों और इस्तीफे के बीच कोई संबंध है। खरगे ने कहा कि पीएम ने इस नीली आंखों वाले रत्न को गुजरात से ले आए और प्रमोशन देकर अध्यक्ष भी बना दिया।

### चिराग पासवान ने जाति जनगणना का किया समर्थन

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री और लोजपा (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान ने देश भर में जाति जनगणना की वकालत की है। लेकिन उन्हें इस बात की चिंता है कि इन आंकड़ों को सार्वजनिक करने से समाज में 'विभाजन' पैदा होगा। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ एनडीए के भीतर 'एक राष्ट्र , एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' पर अब तक कोई चर्चा नहीं हुई है। हालांकि, ये दोनों मुद्दे भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा हैं। समाचार एजेंसी प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) से खास बातचीत में उन्होंने यूसीसी के बारे में गहरी चिंता जताई। उन्होंने शनिवार को कहा कि जब तक इस पर मसौदा उनके सामने नहीं रखा जाता, तब तक वह कोई रुख नहीं अपना सकते। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 'एक राष्ट्र , एक चुनाव' का पुरजोर समर्थन करती है।

## आप की हरियाणा को 5 गारंटी




### पंचकूला पहुंचीं सुनीता केजरीवाल, महिलाओं को 1000 प्रतिमाह का किया वादा

**चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी ने शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पांच गारंटी जारी की। इसके लिए अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को पंचकूला पहुंचीं।

पार्टी हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए जोर-शोर से तैयारियों में जुटी है।

इस मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और डॉ. संदीप पाठक भी मौजूद रहे। पंजाब विधानसभा चुनाव की तर्ज पर पार्टी ने हरियाणा में गारंटी लॉन्च की। पहली गारंटी की घोषणा पार्टी ने मुफ्त और 24 घंटे बिजली, दूसरी गारंटी सबको अच्छा और फ्री इलाज, तीसरी गारंटी अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा, चौथी गारंटी सभी माताओं-बहनों को हर महीने 1000 हजार रुपये और पांचवीं गारंटी हर युवा को रोजगार के तौर पर दी। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि हम राजनीति को व्यवसाय नहीं मानते।

यह हमारे लिए सिर्फ पेशा नहीं बल्कि जुनून है... अगर विपक्ष अच्छे होते तो हमें पार्टी बनाने की जरूरत नहीं पड़ती...उन्होंने हमें चुनौती दी। हरियाणा के लोगों ने हर पार्टी को समय और मौका दिया, लेकिन कोई भी अच्छा नहीं निकला।

## पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के समकक्ष से की फोन पर बात, द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने न्यूजीलैंड के समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से फोन पर बातचीत की। इस दौरान लक्सन ने उन्हें लोकसभा चुनाव में दोबारा जीत पर बधाई दी। दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मस्यूटिकल्स, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) की ओर से एक बयान जारी किया



गया। जिसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर गौर किया कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच करीबी संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को आने वाले वर्षों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। इसमें आगे कहा गया, दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों के हितों की देखबाल के लिए लक्सन को धन्यवाद दिया। वहीं लक्सन ने उनकी सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर पयासों का आश्वासन दिया। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री क्रिसोटफर लक्सन को उनकी फोन कॉल और गर्मजोशी से बधाई के लिए धन्यवाद देता हूं। हमने भारत और न्यूजीलैंड के बीच उन संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के आपसी संबंधों में निहित हैं।

### मुदा घोटाले के खिलाफ भाजपा का कर्नाटक में विरोध प्रदर्शन

**बेंगलुरू**

**मैसूर** शहरी विकास प्राधिकरण घोटाले को लेकर कर्नाटक में भाजपा लगातार कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। अब कर्नाटक बीजेपी ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि अगर मुदा मामले को उजागर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ताओं में मुख्यमंत्री की कथित भूमिका पाई गई तो वह विरोध करेगी। भाजपा ने कहा, 'कांग्रेस ने उन लोगों को चुप कराने, धमकाने और जेल में डालने की कला में महारत हासिल कर ली है जो अपनी शक्ति का उपयोग करके उनके वास्तविक स्वरूप को उजागर करने का प्रयास करते हैं।'

## नीट पेपर लीक का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### एमबीबीएस के दो छात्र भी सीबीआई के हत्थे चढ़े

**नई दिल्ली**

सीबीआई ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शनिवार को एक मास्टरमाइंड और दो एमबीबीएस छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने कथित तौर पर "सॉल्वर" के रूप में काम किया था। मास्टरमाइंड एनआईटी-जमशेदपुर का बी.टेक का छात्र बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सीबीआई के अधिकारियों के हवाले से बताया कि ताजा गिरफ्तारियों के साथ नीट यूजी




परीक्षा में कथित गडबड़ियों से जुड़े छह मामलों में एजेंसी द्वारा अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 21 पहुंच गई है।

**भरपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं सॉल्वर**

एजेंसी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शनिवार को गिरफ्तार किए गए दो एमबीबीएस छात्र राजस्थान के भरतपुर के एक मेडिकल कॉलेज से हैं। जिसमें दूसरे वर्ष का छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष का छात्र दीपेंद्र शर्मा शामिल है। ये दोनों छात्र 5 मई को नीट यूजी परीक्षा की तारीख पर हजारीबाग में मौजूद थे। अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपी कथित तौर पर एक इंजीनियर पंकज कुमार द्वारा चुराए गए पेपर के लिए "सॉल्वर" के रूप में काम कर रहे थे, जोकि पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर से बी.टेक (इलेक्ट्रिकल) पासआउट शशिकांत पासवान उर्फ शशि उर्फ पासू, कुमार और रॉकी के साथ मिलकर काम कर रहा था, जिसे पहले भी गिरफ्तार किया गया था।

### संविधान को कुचल रही बीजेपी: महबूबा

**श्रीनगर**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बीजेपी पर हमला बोला है। महबूबा ने शनिवार को कहा कि कांवड़ यात्रा रूट पर सभी भोजनालयों को उनके मालिकों के नाम प्रदर्शित करने का उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश संविधान के खिलाफ है।

जो सभी को समान अधिकार की गारंटी देता है। पीडीपी के एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए मुफ्ती ने कहा कि यह पहले ही साफ हो चुका है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार संविधान को कुचल रही है। जो धर्म या नाम के आधार पर किसी भी भेदभाव के बिना सभी को समान अधिकार और न्याय की गारंटी देता है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि (कांग्रेस नेता) राहुल गांधी ने सही कहा था कि अगर उन्हें (बीजेपी को) 400 से ज्यादा सीट मिल गई तो वे संविधान को नष्ट कर देंगे। वे 350 सीट से 240 पर आ गए लेकिन उन्होंने सबक नहीं सीखा है। वे संविधान के खिलाफ काम करना जारी रखे हुए हैं।

## झारखंड में घट रही जनजातीय आबादी: शाह

**रांची**

**झारखंड** की राजधानी रांची में भाजपा झारखंड की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा की झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है, जो करोड़ों रुपये के भूमि, शराब, खनन घोटाले में शामिल है। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण



झारखंड में जनजातीय आबादी घट रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है तो वह जनसांख्यिकी पर एक 'श्वेत पत्र' लाएगी ताकि उनकी भूमि और अधिकारों की रक्षा की जा सके।

**चुनाव हारने के बाद भी लोगों में अहंकार- अमित शाह**

भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कई बार हम देखते हैं कि लोकतंत्र में जीतने के बाद अहंकार आ जाता है, झारखंड में ऐसे लोग सत्ता में हैं। लेकिन हारने के बाद भी अहंकार, ये मैंने पहली बार देखा है। चुनाव कौन जीता, ये तो सबको पता है, लेकिन कांग्रेस में जो अहंकार है, वो हम सबने देखा है।

**झारखंड में 81 में से 52 सीटें जीतेगी भाजपा- अमित शाह**

रांची में पार्टी की बैठक में अमित शाह ने कहा कि - इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस की संयुक्त सीटों से अधिक सीटें मिली हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बावजूद राहुल गांधी अहंकार दिखा रहे हैं और हार स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

## मुस्लिम कर्मचारियों को हटाया, आधार कार्ड के साथ दे रहे जानकारी




### कांवड़ यात्रा रूट मार्ग पर ऐसे ढाबा मालिक कर रहे तैयारी

**मुजफ्फरनगर**

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा रूट पर सभी खाने-पीने की दुकानों को मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करने होंगे। यूपी सरकार के इस आदेश के बाद जमकर हंगामा मचा हुआ है। विपक्षी दलों का कहना है कि यह आदेश मुस्लिम व्यापारियों को निशाना बनाने के लिए है। इस बीच, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उनके राज्य में भी इसी तरह के निर्देश पहले से ही लागू हैं। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दौरान सभी ढाबा और रेस्टोरेंट को अपने मालिकों के नाम, पते और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने को कहा था। पुलिस का कहना है कि ऐसा किसी भी भ्रम से बचने के लिए किया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में 'नफरत की राजनीति' को बढ़ावा दे रही है। ढाबा मालिकों से बातचीत की। रिपोर्ट के अनुसार, मुजफ्फरनगर-हरिद्वार राजमार्ग पर स्थित 'दिल्ली ढाबा' है, यह कांवड़ यात्रा रूट मार्ग पर पड़ता है। यहां के ढाबा के मालिक ने बताया कि उन्होंने न सिर्फ दुकान के मालिक का नाम प्रदर्शित किया है, बल्कि यहां काम करने वाले सभी कर्मचारियों के नाम और उनके फोन नंबर भी प्रदर्शित किए हैं। प्रदर्शित किए गए सभी नाम हिंदुओं के थे।

**ढाबा मालिक ने आधार कार्ड के साथ कर्मचारियों की जानकारी दी**

इसी रूट पर एक और ढाबा है, जिसका नाम 'शिव टूरिस्ट ढाबा' है। इस ढाबा के मालिक ने तो आदेश से एक कदम आगे बढ़ते हुए रेस्टोरेंट में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के आधार कार्ड प्रदर्शित कर दिए थे। ये सभी कर्मचारी भी हिन्दू ही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने ढाबा में किसी मुस्लिम को नौकरी पर रखा

है, मालिक ने कहा कि उनके पास पहले चार मुस्लिम कर्मचारी काम करते थे, लेकिन उन्हें या तो छुट्टी पर भेज दिया गया है या फिर काम से निकाल दिया गया है।

### वीडियो मैसेज भेज कर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से वतन वापसी की गुहार लगाई

## 75 दिन पहले कंबोडिया गए 10 से ज्यादा लोग बंधक बनाए गए

### वीडियो मैसेस में पीड़ित युवकों ने बताया कि उन्हें कंबोडिया में डाटा एंट्री ऑपरेटर और कॉल सेंटर में काम करने के लिए बुलाया गया था

**गोपालगंज**

**गोपालगंज** जिले के थावे निवासी युवक भोला चौहान सहित दस से ज्यादा युवकों को कंबोडिया में एक कंपनी ने बंधक बना लिया है। बताया जा रहा है कि भोला चौहान के अलावा यूपी, बिहार के करीब 10 से



12 युवक वहां पर बंधक बने हुए हैं। एजेंट द्वारा इन युवकों को कंबोडिया में कॉल सेंटर में काम करने और डाटा एंट्री के ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने का बहाना बनाकर भेजा गया था। बंधक बने इन युवकों ने अपना वीडियो मैसेज भेज कर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से वतन वापसी की गुहार लगाई है। गोपालगंज जिले के थावे प्रखंड के चनावे के रहने वाले भोला चौहान के रिश्तेदार झूलन प्रसाद ने बताया कि डेढ़ महीने पहले उनके रिश्तेदार भोला चौहान को कंबोडिया भेजा गया था। उन्होंने बताया कि सीवान के तरवारा के रहने वाले एजेंट रोहित चौहान ने उनके रिश्तेदार को लाखों रुपये लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद और कॉल सेंटर में काम करने के बहाने कंबोडिया भेजा था।

लेकिन वहां पर कंपनी ने उन्हें बंधक बना लिया। विज्ञापनभोला चौहान के अलावा बिहार यूपी के दस से ज्यादा युवकों को यहां बंधक बनाया गया है। इन युवकों को एक कमरे में बंद कर दिया गया है। पीड़ित युवकों ने वीडियो मैसेज भेजकर वतन वापसी की गुहार लगाई है। वीडियो मैसेस में पीड़ित युवकों ने बताया कि उन्हें कंबोडिया में डाटा एंट्री ऑपरेटर और कॉल सेंटर में काम करने के लिए बुलाया गया था। एक डेढ़ महीने के लिए उनको ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के बाद जब उन्होंने काम करने का दबाव बनाया तो कंपनी ने सभी युवकों को एक छोटे से कमरे में बंद कर दिया। इन युवकों को खाने के नाम पर सिर्फ ब्रेड के दो टुकड़े दिए जाते हैं। पीड़ित युवकों का कहना है कि उन्हें कई-कई दिनों तक भूखा रखा जाता है। जब उन्होंने कंपनी का विरोध किया तो कंपनी द्वारा उन्हें स्थानीय पुलिस से मिलकर जेल में भेज दिया गया।

### कांवड़ यात्रा रूट नेमप्लेट विवाद: क्या ऐसे बनेगा देश विकसित- सिब्बल

**नई दिल्ली। यूपी में** कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले दुकानों के बाहर 'नेमप्लेट' लगाने वाले आदेश पर बवाल मचा हुआ है। सरकार के इस आदेश पर विपक्ष हमलावर है। इसी को लेकर राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। कपिल सिब्बल ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली दुकानों के लिए जो आदेश जारी किया गया है वह हमें विकसित भारत की तरफ तो नहीं ले जा रहा है। अगर हम चाहते हैं कि ये देश एक विकसित देश बने तो प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री को चाहिए कि ऐसे विवादित मुद्दे को न उठाएं ।

# संदिग्ध दशा में नहर में नहाने के दौरान युवक की हुई मौत

## परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मेजा पुलिस को दिया तहरीर जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में डूबने से एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक युवक के शरीर पर जले-कटे का निशान देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मेजा पुलिस को सूचना देते हुए तहरीर दिया है। सूचना पर मौके वारदात पर पहुंची मेजा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के तेन्दुआ कला(उस्मान का डेरा) गांव निवासी बुध्दिराज विश्वकर्मा पुत्र मुन्नीलाल विश्वकर्मा शनिवार को लकड़ी काटने मेजा के अमकछा गांव के समीप गया था। दोपहर बाद उसके घर सूचना पहुंची कि बुध्दिराज विश्वकर्मा (45) नहर में नहा नहा रहा था और डूब गया है। ऐसी जानकारी मिलने पर आनन फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और मृतक के शरीर पर जले-कटे के निशान देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। और मामले की सूचना मेजा पुलिस को दिया। बता दें कि सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। गौरतलब है कि प्रकरण के संबंध में मृतक की पत्नी सोना देवी ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए मेजा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जबकि इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी सुभाष कुमार गौतम ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## करछना ब्लाक में जल जीवन मिशन प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया हंगामा

### प्रशिक्षण के नाम पर बंदरबांट उन्हें नहीं मिला भोजन, जलपान स्टेशनरी किट बैग एवं पेन



**करछना।** इलाहाबाद विकासखंड करछना में इन दोनों सप्ताह भर पहले से अलग-अलग विभागों के कर्मचारी को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ब्लॉक परिसर में बने सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों शिक्षा विभाग आशा बहू एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित किया जाना था शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें स्टेशनरी जलपान पेन आदि दी जाने वाली सुविधाएं उन्हें उपलब्ध न होने पर हंगामा किया तथा वहां पर जिम्मेदार कोई व्यक्ति उनकी समस्याओं को सुनने के लिए तैयार नहीं था जिसको लेकर ब्लाक परिसर में इधर-उधर अनाप-शनाप मिशन के कर्मचारियों को आरोपित करती रही बता दें कि प्रशिक्षण के दौरान आए हुए सभी कर्मचारियों को नाश्ता खाने की व्यवस्था स्टेशनरी वैग आदि दिए जाने का प्रावधान है दूरदराज से सैकड़ो रुपए अपना किराया भाड़ा खर्च करके प्रशिक्षण में भाग लेने आने वाले कर्मियों को कोई किराया भत्ता भी नहीं दिया जाता जिससे आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मिशन के कार्यकताओं एवं कर्मियों पर सरकार की योजनाओं पर लीपा पोती करने का भी आरोप लगाया।





पौधा रोपण कार्यक्रम को अंजाम देते विधायक कोरांव राजमणि कोल,एसडीएम आकांक्षा सिंह, बीडीओ व ग्राम प्रधान

## भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रम संपन्न





**शंकरगढ़।** शनिवार को ग्राम सभा गाढ़ा कटरा के पंचायत भवन में भूजल सप्ताह का आयोजन ग्रामीण विकास समिति प्रयागराज द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि बारा विधायक डॉ वाचस्पति, नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक अनिल कुमार शर्मा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता सामाजिक कार्यकर्ता गजेंद्र प्रताप सिंह पत्रकार ने जल संरक्षण के विषय में जनता को जागरूक किया एवं पानी के महत्व को समझाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए ग्रामीणों को उत्प्रेरित किया। इस आयोजन में ग्रामीण विकास समिति के सचिव शिवभूषण पांडे ने बताया की बेनीपुर गाढ़ा कटरा में नाबार्ड समर्थित जल छाजन प्रोग्राम चल रहा है जो अगले 4 सालों तक चलेगा और अभी तक जो जो कार्य किए गए उनके विषय में प्रकाश डाला, जैसे बारिश के पानी को रोकने के लिए मेडबंदी का कार्य, चेक डैम, वृक्षारोपण आजीविका संवर्धन के लिए 33 बकरियों का वितरण, ई रिक्शा का वितरण, सिलाई सेंटर लखनपुर गांव में चलाया जा रहा है। पांडे जी ने बताया जो उपलब्ध वाटर है उसका मात्र तीन प्रतिशत पीने योग्य है, बाकी अनुपयुक्त है। सबसे उपयुक्त पानी बारिश का है जिसको सभी किसानों को बारिश के पानी को रोकना चाहिए और भविष्य में पानी की जो समस्या है उससे निजात पाने के लिए सोख्ता का अपने घरों के पास बनवाना चाहिए। नाबार्ड के डीएम महोदय ने बताया की कोई भी योजना तब तक सफल नहीं होती जब तक ग्रामीण लोग अपनत्व की भावना से योजना के साथ जुड़ाव नहीं रखते इसलिए सभी ग्रामीणों को चाहिए कि सरकारी योजना हो या गैर सरकारी अपना समझकर पेड़ पौधे लगाना चाहिए एवं योजना में भाग लेना चाहिए तभी योजना को साकार किया जा सकता है। अंत में मुख्य अतिथि विधायक वाचस्पति ने बताया कि हम ग्रामीण जनता के साथ हैं और जो भी जल एवं भूमि संरक्षण के कार्य नाबार्ड द्वारा चलाए जा रहे हैं वह अति सराहनीय हैं और भविष्य में अन्य गांव में भी इस तरह की योजनाएं नाबार्ड को चलानी चाहिए क्योंकि शंकरगढ़ क्षेत्र में पानी की विकराल समस्या है गर्मी के दिनों में यहां पीने के पानी के लिए टैंकरों से पानी सरकार द्वारा भेजा जाता है अतः जल छाजन की जो योजना नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही है यदि अन्य गांव में भी चले तो भूजल स्तर का इस इस क्षेत्र में सुधर जाएगा। अंत में मूलचंद यादव, राम जी तिवारी ग्राम प्रधान कामता सिंह, सचिव राजेंद्र मौर्य एवं अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।सौरव सिंह ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया।

## करछना में ब्लॉक कर्मियों ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश



**करछना** शनिवार को विकासखंड कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों ने परिसर में वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण का संदेश दिया इस मौके पर ब्लॉक के सभी कर्मचारी अधिकारी एवं प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे पर्यावरण को संरक्षण एवं संतुलित बनाए रखने के लिए शनिवार को ब्लॉक परिसर प्रांगण में लगभग 100 पौधे रोपे गए जिसमें राम शिरोमणि त्रिपाठी उदयभान सिंह सचिव ममता पांडे सचिव दीप्ति मिश्रा प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह महामंत्री धीतेश तिवारी, प्रधान सुनील कुमार ,दिनेश कुमार सोनकर प्रधान प्रतिनिधि मनीष शुक्ला सोनू श्रीवास्तव दीपेश सिंह आदि बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया

## प्रमुख सचिव, निमार्णाधीन आईटीआई पथरताल का अचानक निरीक्षण



**कोरांव।** प्रमुख सचिव एम देवराज व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आईटीआई कोराव पथरताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य को गुणवत्ता पूर्ण ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया और साथ में प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम सुशील कुमार सहायक अभियंता सुमित कुमार और अवरअभियंता ज्ञानेंद्र मिश्रा खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र यादव ठेकेदार पवन कुमार चतुवेर्दी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## कोर्ट ने दो मुलजिमों को जमानत के बजाय भेजा जेल,

**कोरांव।** थाना कोरांव पुलिस के प्रभावी पैरवी से जिला सत्र न्यायाधीश प्रभारी द्वारा अंतरिम जमानत खारिज कर मुलजिम को जेल भेज दिया। आरोपी सत्यार्थ सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह,कृतार्थ सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह ग्राम निवासी मलीपुर को धारा 147, 148, 149, 323,504,506,308,452 आईपीसी में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया था। किंतु 15 जुलाई 2024 को अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र का विरोध तेज तर्रार क्राइम अधिवक्ता भूपेंद्र कुमार मिश्रा ने वादी मुकद्दमा की बहस सुनने के पश्चात जिला सत्र न्यायाधीश प्रयागराज ने अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया।

## सो रही महिला के साथ युवक ने अश्लीलता की

**मऊआइमा।** घर में सो रही महिला के घर में घुस कर एक नशेडी युवक ने अश्लीलता की और गुप्तांग में मार कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बडी मदारी निवासनीय एक महिला का आरोप है कि वह घर में सोयी थी।तथी गांव का युवक शराब के नशे में घर में घुस कर अश्लीलता की और विरोध पर गुप्तांग में मार कर चोट पहुंचाई। पुलिस ने अजय कुमार पुत्र राजभान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## खबर का दिखा असर सहसों व आस पास शुरू हुई नालियों की सफाई

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग स्थित सहसों चौराहा से लेकर बाईपास एवं राजमार्ग पर ही भोपतपुर उसरा के सामने जल निकासी के लिए बनाई गई पक्की नालियां कूड़ा करकट से भठ जाने के कारण घरों से निकलने वाले पानी के साथ बारिश का पानी भी सड़क पर जमा रहता था। जिसके चलते राहगीरों एवं स्कूली बच्चों को आवागमन में भारी कठिनाईयां उत्पन्न हो रहा था। जल जमाव एवं कूड़े से पटी नालियों की सफाई एवं जल निकासी की समस्या को देखते हुए समाचार पत्र अखंड भारत संदेश ने कई बार संबंध में खबर प्रकाशित किया था। जिसका असर दिखा और शुक्रवार से नालियों की सफाई का कार्य शुरू हो गया। संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में आते ही नालियों की सफाई कर रहे आवेशित कर्मचारियों ने बताया कि भोपतपुर उसरा के सामने से लेकर सहसों चौराहे तक कूड़े से पटी नालियों को पूरी तरह से साफ करके जल निकासी की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाएगी ताकि राजमार्ग पर जल जमाव न हो सके तथा लोगों को आवागमन करने में कोई भी कठिनाई का सामना न करना पड़े एवं आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

## नैनी में बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 117 वें स्थापना दिवस



**नैनी।** नैनी शाखा में बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थापना का 117 वां स्थापना दिवस धूमधाम से आयोजित किया गया तथा वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अर्पित कुमार सिन्हा द्वारा सारे बैंक कर्मचारियों को 117 वें स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्ष देकर शुभकामना दी सिन्हा द्वारा कहा गया कि विश्व पटल पर एक जाना माना नाम है बैंक अपने कर्मचारियों के सहयोग से स्थापत्य के सारे उद्देश्यों की पूर्ति कर रही है इसके उपरांत नैनी जेल अस्पताल में दो स्ट्रेचर तीन व्हील चेयर डोनेट किया गया इस अवसर पर पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय सचिव डीके मिश्रा को वृक्ष देकर सम्मानित किया गया समारोह में उपस्थित पूर्वांचल प्रभारी आयुष श्रीवास्तव मंडल एवं जिले के तमाम पदाधिकारी एवं बैंक ऑफ बड़ौदा से पारितोष त्रिपाठी, पूजा चौधरी, प्रतिभा कुमारी, मनीष कुमार, सौरभ चौरसिया,आरती त्रिपाठी, धीरेंद्र जायसवाल सुंदर लाल,जावेद.सौरभ गुप्ता अनिल गौतम, सुनील कुमार शामिल रहे।

आज के इस युग में शिक्षा अति आवश्यक : शोएब अंसारी

## हाजी अब्दुल कय्यूम मेमोरियल डिग्री कालेज में आयोजित हुआ टैबलेट विततरण कार्यक्रम



मऊआइमा। मऊआइमा के हाजी अब्दुल कय्यूम मेमोरियल डिग्री कालेज में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टैबलेट वितरण करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मो शोएब अंसारी ने कहा कि आज के इस युग में हर बच्चों को तालीम हासिल करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि 134 बच्चों को जिन्हें टैबलेट मिला है सही ढंग से प्रयोग करें । टैबलेट पा कर बच्चे खूशी से झूम उठे।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अजफर अंसारी, प्रधानाचार्य आलोक कुमार,आई सी यादव,हम्माद अंसारी, शशीकांत पांडेय, राजीव पटेल, हबीबुर्रहमान आदि समस्त स्टाप और बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।



## मांडा भरारी मोड़ मुख्य मार्ग पर अचानक महुआ का पेड़ गिरा, राहगीर घायल

**मांडा।** शनिवार शाम लगभग पांच बजे भरारी द्वितीय मांडा मोड़ मुख्य मार्ग पर अचानक विशाल महुआ का पेड़ गिरा। वहीं तख्ता लाद कर मांडा खास से भारतगंज की तरफ जा रहा व्यवसायिक अचानक महुआ का पेड़ के चपेट में आ गया। जिससे उसके शरीर में गम्भीर चोट आई। राहगीर व्यवसायिक को घायल देख आस पास के लोग आनन फानन में सीएचसी मांडा ले जा कर भर्ती कराया जहां कि डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज कर शहर के लिए रिफर कर दिया। घटना कि सूचना पर मांडा थाने की पुलिस बल मौके पर पहुंचकर गिरा विशाल महुआ का पेड़ को कटवा कर मुख्य मार्ग को खाली कर आवागमन शुरू कराया।

## गिरधरपुर व दण्डपानपुर के एक-एक उम्मीदवारो ने पर्चा खरीदा

**मांडा।** शनिवार को विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत ग्राम पंचायतो में रिक्त पदों पर उपचुनाव को लेकर ग्राम पंचायत गिरधरपुर वार्ड संख्या 12 से ग्राम पंचायत सदस्य पद हेतु साधना तिवारी पत्नी अरविन्द कुमार व ग्राम पंचायत दण्डपानपुर वार्ड संख्या 04 से ग्राम पंचायत सदस्य पद हेतु रीता देवी पत्नी उदय राज मौर्य ने नामांकन पत्र खरीदा है।

## ग्राम पंचायत की कूड़ा गाड़ी की बैटरी व माइक चोरी

**सहसों।** विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत सहसों में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर कूड़ा उठाने एवं ले जाने के लिए ई रिक्शा गाड़ी खड़ी थी। शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने कूड़ा गाड़ी ई रिक्शा से चार बैटरी, माइक एवं टेप रिकॉर्डर खोल ले गए। सुबह जब सफाई कर्मचारी कूड़ा उठाने के लिए वहां पहुंचे तो देखा कि ई रिक्शा गाड़ी से उक्त सामान गायब रहे। कर्मचारी ने तत्काल इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को दी। घटना के संबंध में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी ने सहसों पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# न्यूज झरोखा

## वृक्षारोपण कर विधायक डा. वाचस्पति ने लोगों से पर्यावरण बचाने का किया आह्वान



**जसरा।** वृक्षारोपण अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में 36.50 करोड़ वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया है। विकास खंड के खटंगिया गांव में बारा विधायक डॉ० वाचस्पति ने एक पेड़ मां के नाम से लगाकर लोगों का पर्यावरण बचाने का आह्वान किया। बीडीओ जसरा ने बताया कि विकास खंड के सभी गांवों में पौधारोपण कराया जा रहा है। बी पैक्स बारा की अध्यक्ष गुलाब कली सिंह ने सहायक विकास अधिकारी सहकारिता मानवेन्द्र कुमार सिंह व सचिव के साथ मिलकर पौधरोपण किया। पौधरोपण के बाद सभी लोगों ने यह शपथ लिया कि सभी लोग मिलकर पौधों का संरक्षण कर उसे मूर्त रूप दिया जाएगा। इसी तरह जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज शाखा जसरा में जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल कुमार मिश्र व शाखा प्रबंधक विशम्भरनाथ सिंह ने बैंक परिसर में पौधरोपण इस अवसर पर अनूप शर्मा,अनिल कुमार शुक्ल, प्रधान प्रतिनिधि लल्लू सिंह, शनी सिंह,रामजी पाल,हजारी पटेल, विजयराज यादव,रामनाथ सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा ने किया पौधारोपण



**लालगोपालगंज।** पौधारोपण का अभियान चल रहा है। इसी के परिपेक्ष सरकारी बगैर सरकारी संस्थानों में पौधारोपण किए गए। फलदार पौधों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर 20 जुलाई को चलाए गए अभियान के तहत परिषदीय स्कूलों में पौधारोपण किया। इसी के तहत प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा में शनिवार को आम शीशम और अर्जुन समेत अन्य प्रजातियों के पौधे आरोपित किए गए। प्रधानाध्यापक शिक्षामित्र किरण पांडे रसोईया चंद्रपुर रही और नीलम ने एक-एक पौधा लगाकर उसे जीवित एवं संरक्षित करने का जहां संकल्प लिया वहीं दर्जन भर छात्र एवं छात्राओं ने भी ने पौधारोपण किया। इसी प्रकार ग्राम सभा के पंचायत भवन अंधियारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय पाठक का पूरा में भी पौधारोपण किया गया। पंचायत भवन में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल और ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार यादव निरंजन आदि मौजूद रहे।

## ग्रीन इंडिया फाउंडेशन पर्यावरण की वैश्विक चुनौतियों के समाधान का बन रहा अग्रेसर - योगेश शुक्ल



**मेजा।** वृक्षारोपड़ अभियान के अन्तर्गत आज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने शंकर गढ़ ब्लॉक के ग्राम सभा गाढ़ा कटरा में विकसित किए गए जन -अरण्य में पहुँच कर पूरे अरण्य क्षेत्र का भ्रमण किया और फलदार वृक्षों का रोपण किया। शुक्ल ने इस अवसर पर वहाँ उपस्थित लोगों को बताया कि विगत तीन वर्षों से ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के सलाह , प्रशिक्षण और मार्गदर्शन तथा प्रयागराज ज़िला प्रशासन एवं पंचायतों के प्रयास परिश्रम से आज गाढ़ा कटरा सहित प्रयागराज जनपद के तीन सौ से अधिक ग्राम पंचायतों में जन अरण्य के रूप में नये वन क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं। शुक्ल ने कहा कि आज ग्रीन इंडिया फाउंडेशन और प्रयागराज जनपद अपने जन अरण्य के सफल अभियान के साथ पर्यावरण की वैश्विक चुनौतियाँ का समाधान और प्रयासों का अग्रेसर बन रहा है। इस अवसर पर श्री शुक्ल के साथ शंकरगढ़ के बीडीओ श्रीराम विलास राय ग्रीन इंडिया फाउंडेशन से कालेश्वर मिश्रा ,ग्राम प्रधान कामता सिंह , ग्राम सचिव राजेंद्र मौर्य , नाबार्ड के अधिकारी अनिल शर्मा , बीडीसी दिवाकर सिंह , वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष त्रिपाठी , भाजपा नेता हरि कांत पांडेय सहित कई अन्य ग्राम वासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव एम देवराज ने राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा का किया औचक निरीक्षण



**मेजा।** प्रविधिक शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुंख सचिव एम देवराज द्वारा शनिवार को राजकीय महिला पॉलीटेक्निक मेजा का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव द्वारा प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित सम सेमेस्टर परीक्षा जून-2024 का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत संस्था में वृक्षारोपण किया। प्रमुख सचिव ने वृक्षारोपण के संदर्भ में संस्था द्वारा किये गये प्रयासो की सराहना भी किया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कोरॉव एवं तहसील के अन्य अधिकारियों के अलावा संस्था प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम तथा स्टाफ की टीचर डा० कविता कमल, श्रीमती सुनीता कुमारी साह, डा० धनन्जय कुमार सिंह, डा० त्रिलोक कुमार पाठक श्रीमती मोनिका मौर्या, श्रद्धा सिंह, माया दिवाकर श्री पीयूष कुमार मिश्रा, मनोज कुमार, डा० रंजीत श्रीवास्तव, सर्वश्री अभिजीत सिंह, गौरव उत्तम, संतोष मण्डल एवं श्रीमती बबिता देवी प्रमुख रूप से उपस्थित रही ।

## एनटी अनुग्रह नारायण सिंह एवं अधीक्षक डा. बबलू सोनकर ने सीएचसी परिसर में किया वृक्षारोपण



**मेजा।** वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को सीएचसी मेजा में एनटी मेजा अनुग्रह नारायण सिंह एवं अधीक्षक डा बबलू सोनकर द्वारा अस्पताल परिसर के अलावा सभी पीएससी केंद्रों में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के दौरान एनटी अनुग्रह नारायण सिंह ने जहां कहा कि पर्यावरण प्रदूषण वातावरण के लिए एक वैश्विक एवं बड़ी चुनौती है वहीं सीएचसी मेजा के अधीक्षक डा बबलू सोनकर ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाना आवश्यक है। उन्होंने ने आगे कहा कि हरा भरा वातावरण ही जीवन जीने का मुख्य आधार है। इस मौके पर डा सुरेश सोनकर डा रविन्द्र सिंह दीपू त्रिपाठी आशा देवी कमलेश मिश्रा आदि के अलावा सीएचसी एवं पीएससी के कई अन्य स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मांडा विकास खण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतो में वृहद वृक्षारोपण कराया गया





**मांडा।** विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत 69 ग्राम पंचायतो में दर्जनों ग्राम पंचायत में वृहद वृक्षारोपण कार्य कराया गया। शनिवार को चिलचिलाती धूप में विकास खण्ड मांडा मुख्यालय अन्तर्गत दर्जनों ग्राम पंचायतो ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम प्रधानो ने 69 ग्राम पंचायतो में कुल 151185 पेड़ो के लक्ष्य के सापेक्ष वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संजीव कुमार, राजीव सक्सेना, बृजेश द्विवेदी आदि सचिवों ने ग्राम प्रधान , रोजगार सेवक, व गांव के ज़िम्मेदार लोगों के साथ वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया।

## करछना में स्वास्थ्य कर्मियों ने वृहद वृक्षारोपण के तहत 950 वृक्ष लगाए : डॉ केबी सिंह



**करछना।** वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना सहित अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित जगह-जगह वृक्षारोपण कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ के बी सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में 950 पौधरोपण किया गया जिसमें डॉ दीपक, डॉ वाई पी सिंह व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया क्षेत्र के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यापक पैमाने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया अधीक्षक डॉ केबी सिंह कुशवाहा इस कार्यक्रम के उपरांत बताया कि वृक्षारोपण मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है इससे पर्यावरण का संतुलन मानव जीवन में हमेशा बना रहेगा इसके लिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए।

## पौधें मानव जीवन के मुख्य आधार हैं- डॉ विवेक श्रीवास्तव डिप्टी सीएमओ



**जंघई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज, भानीपुर में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम के थीम के तहत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी भदोही व ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ विवेक श्रीवास्तव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधारोपण करके लोगों को संदेश देते हुए कहा कि हम भले ही कितनी तरक्की कर लें लेकिन जब तक हम पर्यावरण को संतुलित नहीं रखेंगे तब तक हम बेहतर तरीके से अपना जीवन यापन नहीं कर सकते हैं क्योंकि इन दोनों भौतिकता के चलते लोग पौधों को काटकर तरह-तरह के फैक्ट्री कल कारखाने लगा रहे है लेकिन उससे होने वाले दुष्परिणामों को ध्यान में नहीं रख पा रहे हैं। जिसका परिणाम यह है कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि, प्रचंड गर्मी देखने को मिल रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर शुभांकर श्रीवास्तव ने उपकेंद्रों पर कुल 66 ट्री गार्ड वितरित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तहत सीएचसी परिसर में कुल 100 पौधे लगाकर लोगों को संदेश दिया कि पौधें लगाकर ही अपना दायित्व न निभाएं बल्कि पौधों का संरक्षण भी जरूरी है इसलिए हमने 66 ट्री गार्ड मंगाया है सीएचसी अधीक्षक ने सभी उपकेंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ट्री गार्ड दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य दुगार्गंज में प्राथमिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर मोहम्मद परवेज ने पीएचसी परिसर में 50 पौधे लगाए। इस मौके पर डॉक्टर पंचदेव, संजीत शुक्ला, अजीत कुमार, मुकेश बिंद, महेश बिंद, राणा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने महाकुंभ को स्वच्छ, सुरक्षित, ग्रीन, दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक










अखड भारत सदेश

- मुख्यमंत्री ने माफियाओं से मुक्त करायी गयी भूमि पर महिला संरक्षण गृह व गरीबों के लिए आवास बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के दिए निर्देश
- मुख्यमंत्री ने होर्डिंग के स्थान पर डिस्प्ले बोर्ड लगाये जाने के दिए निर्देश
- नगर निगम को घरों के ऊपर लगे हुए बड़े-बड़े होर्डिंग को हटाये जाने के दिए निर्देश
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के दिए निर्देश
- मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में पौधरोपण भी किए
- मुख्यमंत्री ने संगम क्षेत्र पहुंचकर बड़े हनुमानजी का किया दर्शन एवं पूजन

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ, सुरक्षित, ग्रीन, दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने के सम्बंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। बैठक में सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द के द्वारा मुख्यमंत्री जी को महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत विभागों के द्वारा कराये जा रहे कार्यों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री जी ने एयरपोर्ट के पास माफियाओं से मुक्त करायी गयी जमीन पर मथुरा में बने कृष्णा कुटीर की भांति बेहतरीन महिला संरक्षण गृह बनाये जाने का प्रस्ताव बनाकर भेजे जाने के लिए कहा है, जिसमें वृद्ध व निराश्रित महिलाओं के साथ-साथ वे बच्चियां जो पारिवारिक प्रताड़ना व अन्य कारणों से घर से निकल व बिछड़ जाती है, वे वहां रह सके व उन्हें स्वरोजगार का अवसर भी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा माफियाओं से मुक्त जमीनों पर गरीबों के लिए आवास बनाये गये थे, उसी प्रकार माफियाओं से मुक्त जमीन पर गरीबों के लिए और आवास बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री जी ने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि शहर के अंदर प्रचार हेतु लगाये गये होर्डिंग के स्थान पर नगर निगम के द्वारा या पीपीपी मोड पर डिस्प्ले बोर्ड लगाये जाये, जिससे एक ही डिस्प्ले बोर्ड पर कई विज्ञापन एक साथ प्रसारित किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुम्बई व लखनऊ की घटना से हमें सबक लेते हुए घरों के ऊपर जो बड़े-बड़े होर्डिंग लगे हुए है, उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाये। कुम्भ-2019 में मेला क्षेत्र व शहर के अंदर साइनेजेज लगाये गये थे, इस बार उन्हें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी लगाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में जिस क्षेत्र में नेपाली, तमिल सहित अन्य स्थानों के लोगो की आने की ज्यादा सम्भावना रहती है, वहां पर अन्य भाषाओं के साथ-साथ उनकी क्षेत्रीय भाषाओं में साइनेजेज लगाये जाये। उन्होंने मेला क्षेत्र के साथ-साथ शहर में भी जनसुविधाएं बढ़ाने एवं पार्किंग स्थलों व स्टेशनों के आस-पास भी अच्छे टॉयलेट, रैनबसेरे, लोगो के बैठने व रूकने के लिए उत्तम व्यवस्थायें एवं सुविधाएं देने के लिए निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब कुम्भ स्वच्छ होगा, तो वही स्वच्छ कुम्भ ही सुरक्षित कुम्भ में बदलेगा और हमें फिर से स्वच्छता, सुरक्षा व सुव्यवस्था का एक नया मॉडल देखने को मिलेगा और तभी यह भव्य, दिव्य कुम्भ के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त करेगा। इसके लिए स्टेक होल्डर्स, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय व्यापारियों एव उद्यमियों, अलग-अलग संस्थाओं, अखाड़ा परिषद, संतो व आश्रमों से जुड़े हुए लोगो के साथ हमारा निरंतर संवाद होना चाहिए। केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़े हुए सभी विभागों के साथ भी हमारा यह कार्यक्रम आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि द्वादश माधव व भारद्वाज आश्रम प्रयागराज की पहचान है इसलिए इस बार हमें यहां पर और विशेष ध्यान देना होगा, जिससे हम इनकी पुरातन पहचान व वैभव वापस दिला सके।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नाविकों को प्रशिक्षण व लाइफ जैकेट उपलब्ध करायें जाने के साथ ही उनके साथ बैठक कर एक रेट फिक्स करने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने मैनपॉवर जैसे सफाई कर्मी, जलआपूर्तिकर्ता, विद्युत विभाग से जुड़े लोगो की टेनिंग कराये जाने और उन्हें नेम प्लेट, यूनिफार्म व पहचान यूनिक कोड़ दिए जाने के लिए कहा है, जिससे कौन व्यक्ति किस प्रकार का कार्य कर रहा है, इसकी पहचान हो सके। इस कुम्भ को एक भव्य, दिव्य व ग्रीन कुम्भ के रूप में स्थापित करना है, इसके लिए अभी से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने क्रिटिकल प्रोजेक्ट से सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उन क्रिटिकल प्रोजेक्टों पर विशेष ध्यान देते हुए बेहतर समन्वय के साथ कार्य को आगे बढ़ाते हुए समय से पूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया है।मुख्यमंत्री जी ने रेलवे विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए महाकुम्भ के दृष्टिगत पर्याप्त संख्या में टेज्नों को बढ़ाये जाने व मेले में आने वाले बुजुर्गों की सुविधा के लिए रैम्प की व्यवस्था करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि जिस को जिस प्लेट फार्म पर आने की सूचना प्रसारित की जाये, वह टेज्न उसी प्लेट फार्म पर ही आये, अंतिम समय में प्लेट फार्म में परिवर्तन न किया जाये।पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें सुरक्षा का बेहतरीन वातावरण देना है, जिसके लिए टैफिक मैनेजमेंट व भीड़ नियंत्रण के लिए एआई टूल व साफ्टवेयर का प्रयोग बेहतर तरीके से किया जाये। उन्होंने महाकुम्भ मेले में एआई तकनीकी का प्रयोग कर मेले में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गणना किए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति पुलिस का अच्छा व्यवहार हो, इसके लिए उन्हें अच्छे ढंग से प्रशिक्षित किए जाने के लिए कहा है।विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो भी कार्य चल रहे है, उनको समय से पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग के लाइन मैन, मीटर रीडर, जेई, एई व अन्य सम्बंधित अधिकारियों की अच्छे ढंग से काउसलिंग व प्रशिक्षण कराये जाने के लिए कहा है, जिससे कि मेला में किसी भी तरह से विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने सभी कार्यों को समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने इसकी मानीटरिंग के लिए अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के लिए कहा है।

मुख्यमंत्री जी ने परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए महाकुम्भ मेले के दृष्टिगत लगायी जाने वाली बसों की संख्या व पार्किंग के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाये, इसके लिए शटल बसों की व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री जी ने सेतु निगम, पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई सहित अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को गुणवत्ता के साथ सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के लिए कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मैनपॉवर एवं उपकरण की आवश्यकता के अनुसार डिमाण्ड समय से किए जाने के लिए कहा है, जिससे कि श्रद्धालुओं को मेला अवधि में किसी प्रकार की समस्या न हो। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास परियोजनाओं से जुड़े सभी सम्बंधित विभाग अपने विकास कार्यक्रमों को समयबद्धढंग से आगे बढ़ायेंगे और हमें विश्वास है कि हम लोग एक बार फिर से भव्य, दिव्य महाकुम्भ का सफल आयोजन करके प्रयागराज को वैश्विक मान्यता दिलाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह, सदस्य विधान परिषद डॉ0 के0पी0 श्रीवास्तव के द्वारा भी अपने-अपने सुझाव दिए गए, जिसपर मुख्यमंत्री जी ने जनप्रतिनिधिगणों के सुझावों पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री जी ने सर्वप्रथम सर्किट हाउस में शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किए। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी ने सर्किट हाउस में पौधरोपण भी किए। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा मुख्यमंत्री जी के सलाहकार अवनीश अवस्थी, अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त अरूण गाबा, एसएसपी मेला, प्रभारी जिलाधिकारी गौवर कुमार, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री जी कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी जी के आवास पर पहुंच कर पुत्र व पुत्रवधू को अपना आशीर्वाद प्रदान किए। तदुपरान्त मुख्यमंत्री जी ने संगम क्षेत्र पहुंचकर बड़े हनुमानजी का दर्शन एवं पूजन भी किए।

## आशीर्वाद समारोह

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बाबा रामदेव ने मंत्री नन्दी के पुत्र और पुत्र वधू को दिया आशीर्वाद

### पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने मुख्यमंत्री की उतारी आरती

**प्रयागराज।** प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के पुत्र अभिषेक कृष्णिका का विवाह समारोह सम्पन्न होने के बाद शनिवार को प्रयागराज में भव्य आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सम्मिलित होते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, आध्यात्मिक योग गुरू स्वामी रामदेव ने मंत्री नन्दी के घर जाकर नवयुगल को आशीर्वाद दिया। प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के बहादुरगंज इलाके में शनिवार को दिन भर प्रदेश की महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्तियों की आवाजाही बनी रही। जिससे पूरा इलाका छावनी में तब्दील रहा। मंत्री नन्दी के साथ ही पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। सिक्कीम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य और केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मम्फोर्डगंज स्थित भारत स्काउट गाइड मैदान में आयोजित भव्य आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होकर नवयुगल को आशीर्वाद दिया। राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के साथ ही कई अन्य मंत्री शामिल हुए।











## जिला कृषि अधिकारी प्रयागराज द्वारा वृक्षारोपण और रागी बीज के मिनी किट का हुआ वितरण




**सोरांव।** विकास खंड सोराव कृषि विभाग के परिसर मे शनिवार को जिला कृषि अधिकारी प्रयागराज किशोर कुमार सिंह के अध्यक्षता में पौधा रोपण अभियान के तहत आम के पौधे का रोपण किया गया और उन्होने विभाग द्वारा किसानों को वितरित पौधों के रोपण की प्रगति के बारे में कर्मचारियों से पूछा। साथ ही राजकीय बीज गोदाम पर मौजूद किसानों को रागी के बीज का निःशुल्क मिनी किट का वितरण भी किया गया। तथा किसानों को सम्बोधित करते हुए उन्होने रागी की खेती करने की विधि और रागी से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे मे किसानों को जागरूक किया। साथ ही तहसील स्तर पर स्थापित मृदा परीक्षण लैब मे मृदा जाँच की प्रगति को भी बढ़ाने के लिये कर्मचारियों को आदेश दिए। जिससे समय पर किसानों को रिपोर्ट दिया जा सके। किशोर ने विभाग के कर्मचारियों से सभी योजनाओं की समीक्षा भी किया। साथ में अपर जिला कृषि अधिकारी विकास मिश्रा भी मौजूद रहे ' सत्य प्रकाश यादव एडीओ (कृषि) एवं शैलेन्द्र कुमार प्रभारी बीज गोदाम ने सभी योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया। इस मौके पर कृषि विभाग के छोटे लाल यादव, पूनम वर्मा, सागर मौर्य, रजी अहमद आदि के साथ किसान राम सूरत, अरविन्द कुमार, राम सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, धनीराम, राजेश कुमार एडवोकेट आदि लोगो ने मिनी किट प्राप्त कर खुश हुए।

## उन्नत किस्म के बीजों का करछना ब्लाक में विधायक ने 80 किसानों को बांटे किट




**करछना।** राजकीय कृषि बीज भंडार करछना द्वारा शनिवार को आयोजित किसान गोष्ठी में उन्नत किस्म के बीजों का क्षेत्र के किसानों के बीच विधायक करछना पियूष रंजन के नेतृत्व में वितरण किया गया मिशन आंन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना कृषि गोष्ठी खरीफ का आयोजन में क्षेत्र के करीब सैकड़ो किसान गोष्ठी में भाग लिए जिसमें मोटे अनाज रागी, ज्वार, बाजरा कोदौं आदि बीजों का किट विधायक ने किसानों को वितरित किया इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य स्थिति विधायक पियूष रंजन ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के विषय में वृश्किक जानकारी दी तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी ने एवं खंड विकास अधिकारी करछना ने किसानों को उनके खरीफ फसल में बोई जाने वाली फसलों के विषय में सरकार की योजनाओं के विषय में बताया कार्यक्रम में मुख्य रूप से संदीप कुमार पटेल प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार, प्रमोद सिंह ठाकुर अमितेश मालवीय ,एवं किसानों में गिरजा शंकर शुक्ला सुनील कुमार त्रिपाठी महेंद्र यादव राम सिंह मनीराम तथा ब्लॉक कर्मियों में पंचायत राम शिरोमणि त्रिपाठी सहायक विकास अधिकारी उदयभान प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह महामंत्री धीतेश तिवारी सचिव दीपेश सिंह , संतोष सिंह,सोनल शुक्ला, एडीओ कोऑपरेटिव, दीप्ति मिश्रा ,ममता पांडे ,मनीष शुक्ला ,सोनू श्रीवास्तव , आदि बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

### पीडीए ने तीन मकान सील किया

**झूंसी।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने शनिवार को झूंसी में तीन मकान को अवैध बात कर सील कर दिया। जोनल अधिकारी आलोक कुमार पांडे के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में बंधवा ताहिरपुर स्थित रेनू श्रीवास्तव, राकेश कुमार व त्रिवेणीपुरम यमुना सेक्टर में राजकुमार राय के निमार्णाधीन मकान को सील किया गया। इस दौरान अवर अभियंता आशीष सक्सेना के साथ प्रयागराज विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन दल टीम मौजूद रही।

# क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में आज मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज के सानिध्य में आज गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उपलक्ष में क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में काफी संख्या में देश व विदेश के साधक गुरु का आशीर्वाद लेने पहुंच गए हैं । बता दे की गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आश्रम परिसर में मनाया जा रहा है , जिसका लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया जायेगा । कार्यक्रम में विश्व के अनेकों देश के साधक लाइव प्रसारण के माध्यम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भाग लेंगे । हालांकि प्रतिदिन सुबह-शाम क्रियायोग आश्रम परिसर से लाइव प्रसारण किया जा रहा है । जो साधक आश्रम परिषर पहुंचने में असमर्थ है वह क्रियायोग आश्रम के द्वारा लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से जुड़कर क्रियायोग के संदेश व विचारों को बड़ी ही आसानी से जुड़कर अनुभव कर सकते हैं । वही गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पूर्व संध्या पर अंतर्राष्ट्रीय क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने समस्त साधकों को बताया कि क्रियायोग से जुड़ने पर सभी प्रकार की समस्याएं हमेशा के लिए दूर हो जाती है ।तथा स्वामी जी ने यह भी बताया कि क्रियायोग की सच्ची साधना जन्मों जन्मों से मनुष्य शाश्वत-सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि, ज्ञान, शान्ति व परमानन्द की तलाश कर रहा है। क्रियायोग में पूर्ण भक्ति इन सम्पूर्ण इच्छाओं की पूर्ति कर देता है। क्रियायोग की सच्ची साधना एवं भक्ति से शाश्वत-सुरक्षा, स्वास्थ्य, समृद्धि, ज्ञान, शान्ति व परमानन्द की स्वतः अनुभूति होने लगती है और पुनः साधक को इनकी तलाश नहीं करनी पड़ती है।

# सिक्किम के राज्यपाल ने वृक्षारोपण किया

**झूंसी।** जहां वृक्ष नहीं होते वहां कितनी पीड़ा होती है इसका अनुभव आप लोग कर रहे हैं और जहां वृक्ष होते हैं वहां कितनी शांति होती है उसका अनुभव हम सिक्किम में करते हैं। जहां प्रकृति मुस्कुराती है उसे सिक्किम कहते हैं उक्त बातें सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने शनिवार को कनिहार में नगर निगम प्रयागराज द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि लोग सिक्किम घूमने आते हैं क्योंकि वहां हरियाली बहुत है। वृक्ष लगाकर आप लोग प्रयागराज को ही सिक्किम बनाइये। लोगों को वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने वृक्ष लगाने का बड़ा संकल्प ले रखा है जिसका शुभारंभ आज के दिन हो रहा है। प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी भारी संख्या में वृक्ष लगवा कर धरती मां को हरियाली साड़ी पहना रहे हैं उनके साथ आप सभी लोग अधिक से अधिक वृक्ष अपने माता-पिता, दादी



बाबा व परिवार के अन्य सदस्यों के नाम लगाकर धरती मां को हरियाली साड़ी पहनने का काम करें तभी मानव जन्म लेने का अर्थ पूरा होगा। महापौर गणेश केसरवानी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सिक्किम के राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा कनिहार में तीन हेक्टेयर में दो लाख पौधे लगा रहा है पौधे तैयार हो जाने पर एक बार फिर आपको यही स्वागत किया जाएगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण अभियंता उत्तम कुमार वर्मा ने किया इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरविंद राय, स्थानीय पार्षद सुजाता सरोज, सियाराम मौर्य, अनिल यादव धुन्नू, शिवनारायण यादव, सुमित निषाद, गुल फिरोज खान, उमेश मिश्रा, राजू शुक्ला, मुकेश लारा, अमर सिंह, मनोज जिगिना, पिंटू नेता, आत्मधर दुबे, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## वीडियो कॉल पर युवती के साथ की अश्लील हरकत

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक युवती को वीडियो कॉल कर अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चलान कर दिया। पीड़िता की माने तो वह एक दुकान पर मोबाइल रिचार्ज करने जाती थी वहीं से दुकान संचालक को उसका नंबर मिला और वह 2 बजे रात को वीडियो कॉल करके अश्लील हरकत करने लगा। विश्व हिंदू परिषद, गोरक्षा के प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 21 जुलाई को प्रातःकाल 10:30 बजे इमिलिया धाम में घटनास्थल का निरीक्षण करने का कार्यक्रम था परंतु पीड़ित परिवार अभी अस्पताल में है ऐसी स्थिति में जिला मुख्यालय पर अधिकारियों को एक ज्ञापन देकर उनसे कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु कहा जाएगा और जब पीड़ित परिवार अस्पताल से घर आ जाएगा तब इमलिया धाम आकर पीड़ित परिवार से उसके घर पर मुलाकात करेंगे।

## जर्जर विद्युत व्यवस्था एवं जनहित मुद्दों को लेकर सपाई देंगे धरना

**कोरांव।** सूबे की सरकार जहां एक ओर बड़े-बड़े दावे और वादे विकास के मुद्दे को लेकर कर रही है वही ठीक उसके दूसरी ओर जिला प्रयागराज अंतर्गत विधानसभा कोरांव में विकास के सारे मुद्दे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। यह बातें समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज ने औपचारिक वार्ता के दौरान कहीं साथ ही साथ उन्होंने कहा कि विधानसभा कोरांव अंतर्गत समस्त विद्युत फीडर में उमस भरी गर्मी के मौसम में अघोषित विद्युत कटौती जर्जर हो चुके विद्युत केबिल के कारण होने वाले आए दिन जान माल की नुकसान और किसानों को सिंचाई के लिए समुचित ढंग से टेल तक पानी न पहुंचने के कारण धान की नर्सरी सूख रही है जिससे किसानों को भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है और शासन के मंशानुसार राशन कार्ड धारकों का केवाईसी पूरे प्रदेश में हो रहा है इसके लिए आधार कार्ड का अपडेट होना अनिवार्य है लेकिन जिन लोगों का आधार कार्ड अपडेट नहीं है उनको अपडेट कराने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है । साथ ही साथ नगर पंचायत कोरांव में बदहाल सड़कों और बजबजाती नालियों की सफाई न होने बारिश के कारण होने वाले जल जमाव से आमजन त्रस्त है कई बार शिकायत के बावजूद भी उसका कोई हल नहीं निकाला जा रहा है जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है उक्त समस्याओं के दृष्टिगत सपा नेता सोमदत्त सिंह पटेल ने आगामी तहसील समाधान दिवस के मौके पर धरना देने का आवाहन किया है और संबंधित सक्षम अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो संबंधित कार्यालय में तालाबंदी कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर मुख्य रूप से राजू चौबे किसान नेता राजेश पांडे विधानसभा प्रभारी महताब खान नगर अध्यक्ष सपा रविंद्र जैसल महासचिव पवन सोनकर यादवेंद्र अहीर नौशाद अंसारी हारुन अंसारी शहादत अली अश्विनी पटेल अजीत पटेल दीपक पटेल रामानुज यादव जीशान अली आदि लोग उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में हुई मौत पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल विधान सभा वार जनपद के विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मारे गए लोगों के परिवारीजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी द्वारा गठित कमेटी द्वारा मृतकों के परिवारीजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर सरकारी सहायता दिलाने का प्रयास किया गया, जिसमें कुछ लोगों को सहायता मिल भी चुकी है। उक्त के क्रम में विधानसभा रामपुर खास के ग्राम सभा- मधुकरपुर निवासी मृतक स्व.राम राज वर्मा के घर राज्यसभा में प्रतिपक्ष के उपनेता व सांसद प्रमोद तिवारी जी ने स्वयं जाकर मृतक के परिवारीजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा आर्थिक सहायता भी प्रदान की साथ ही सरकारी सहायता दिलाये जाने का भरोसा भी दिया। इसी तरह विधानसभा विश्वनाथगंज, कुण्डा, पट्टी में भी प्रतिनिधि मण्डल ने परिवारीजनो को सरकारी सहायता के लिए एसडीएम पट्टी से बात कर दिलाए जाने का भरोसा दिलाए।

# गाँव तथा ब्लाक के विकास की मजबूती में है राष्ट्रीय विकास का आधारः मोना

## बीडीसी की बैठक में दस करोड़ चौरासी लाख की योजनाओं पर लगी मुहर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में ग्रामीण विकास से जुडी दस करोड़ चैरासी लाख की योजनाओं पर मुहर लगी। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मनरेगा के तहत आठ करोड़ पैंसठ लाख तथा राज्य वित्त एवं पन्द्रहवें वित्त से जुड़े विकास कार्यो के लिए दो करोड़ उन्नीस लाख रूपये के बजट को सर्वसम्मत से मंजूरी मिली।

क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की विशिष्ट मौजूदगी में हुई बैठक में विकास तथा पेयजल, स्वास्थ्य एवं पशुपालन के क्षेत्र में अफसरों ने कल्याणकारी योजनाओं की



बैठक में सांसद व विधायक को सम्मानित करते प्रमुख व अन्य।

जानकारियां दी। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों व प्रधानों ने प्रमुख इं. अमित सिंह की अगुवाई में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को आदर्श प्रतिनिधायन 2024 का सम्मान सौंपते हुए मोमेण्टो भेंट किया। सांसद व विधायक के सम्मान के समय सभागार में करतल ध्वनि भी गूंजी दिखी। विशिष्ट अतिथि सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गांव तथा ब्लाक स्तर पर विकास की मजबूती से ही राष्ट्रीय विकास का लक्ष्य मजबूत किया जा सकता है। परियोजना निदेशक दयाराम यादव, सहायक अभियंता सिंचाई गणेशदत्त शुक्ल, एचईओ आरती द्विवेदी ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला। संचालन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अविनाश प्रताप सिंह ने किया। लेखाकार बृजेश कुमार ने सदस्यों के प्रति आभार जताया। बैठक में सदस्य रमेश बहादुर सिंह, पवन कुमार वैश्य, रामसजीवन तिवारी, अनिल सिंह छोटे, प्रधान विद्युत मिश्र, दिनेश सिंह ने भी योजनाओं को लेकर सुझाव रखे।



वृक्षारोपण कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

## पौधारोपण कर धरती को हरा भरा बनाने का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुंडा ब्लाक के बाबा अवधेश्वरनाथ धाम परिसर व आस पास में पौधा रोपण किया गया। इस दौरान पीपल, नीम, बरगद, जामुन, आम, शीशम, अमरूद, आंवला आदि लाभकारी पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वन विभाग के रेंजर आशीष सिंह ने कहा हमारा मकसद सिर्फ पौधे लगाकर छोड़ना नहीं है, बल्कि उस पौधे की पूरी तरह देख-रेख कर उसे समय-समय पर पानी व उसकी छंटाई कर पेड़ को सुरक्षित रखने के लिए उसका बैरिकेट करना भी है। आशीष सिंह ने कहा कि लगातार यह मुहिम चलती रहेंगी जिसमें हमने सभी के सहयोग के लिए अपील की है। इस मौके पर कुंडा एसडीएम भारत राम यादव, वन विभाग रेंजर आशीष सिंह, कुंडा कोतवाल सत्येंद्र सिंह, हथिगवा थाना इंस्पेक्टर नंदलाल सिंह, ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता व पर्यावरण संरक्षक प्रभाकर सिंह, ध्यान सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यालय प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ला(गोलू), बीजेपी मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# पेड़ों को अपनी माँ मानकर करें उनकी देखभालः उद्यान मंत्री



वृक्षारोपण करते उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज छेमर सराय एवं गौराडांड़ गांव में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के उपलक्ष्य पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का पीपल एवं आम के पेड़ का पौधरोपण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद सहित पार्टी के पदाधिकारीगण, जनसामान्य ने पौधरोपण किया। छेमर सराय में राजकीय बालिका इण्टर कालेज एवं गौराडांड़ में प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उद्यान मंत्री ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये उन्हें उपहार एवं मोमेन्टो भेंट किया। गौराडांड़ में उद्यान मंत्री ने अपने ननिहाल के वृद्ध महिला एवं पुरूष को अंगवस्त्रम् एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। गौराडांड़ में मंत्री जी ने वात्सल्य धाम एवं सम्पर्क मार्ग गौराडांड़ बाजार से पिछड़ी, अनुसूचित बस्ती होते हुये रामलीला मैदान तक नव निर्माण कार्य स्मृति मार्ग का शिलान्यास भी किया। गौराडांड़ में स्थानीय पदाधिकारियों ने बड़ी माला पहनाकर मंत्री जी का स्वागत किया।

## पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत तहसील क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण किया गया। नगर स्थित स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश पाण्डेय की मौजूदगी में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के कैडेट्स द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ वीरेंद्र मिश्र, डॉ राकेश पाण्डेय, डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, डॉ रागिनी सोनकर समेत समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अखिलेश पाण्डेय नें कहा वृक्ष धरा का आभूषण है इसे संजोय रखना हमारा आपका कर्तव्य है। वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक प्रमुख पट्टी राकेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह द्वारा तहसील क्षेत्र के विरौती गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय समेत अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया।

## प्रधान ने बच्चों को बताया पेड़-पौधों का महत्व



बच्चों के साथ वृक्षारोपण करते प्रधान देवेन्द्र प्रताप सिंह।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खंड के ग्रामपंचायत मधुकरपुर के बच्चो ने शनिवार को गांव को हरा-भरा रखने की कसम खाई। प्रधान देवेंद्र प्रताप सिंह ने बच्चों को पेड़ व पौधों के महत्व को समझाया,कहा कि पेड़ के बिना जीवन संभव नहीं है। पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पेड़ व पौधे धरती के गहनों के समान होते है। इस दौरान प्रधान ने बच्चों के साथ गांव के सभी लोगो को फलदार व छायादार पौधे दिए। प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण भी किया साथ ही गांव के सभी लोगो को अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित भी किया।

## वृक्षारोपण और उसका संरक्षण आज के समय की आवश्यकताः एडीएम

### नगर पालिका ने चांदमारी, एमआरएस सेंटर व गोशाला में किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने आज अन्त्येष्टि स्थल के बगल चांदमारी, एमआरएस सेंटर महुली व गोशाला बराछा में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया तथा इन वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया गया।

चांदमारी में मुख्य अतिथि के रुप में आए एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष लगाने के साथ उनका संरक्षण बहुत जरुरी है। वृक्षों से पर्यावरण शुद्ध होता है जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। इस अवसर पर नगर पालिका के नवागत ईओ राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि नगर पालिका को 10 हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया था जिसे आज पूरा कर लिया गया। इस अवसर पर सभासद धीरज सिंह, योगेश सिंह, विनोद रजक, रमेश मौर्य, सभासद प्रतिनिधि



चांदमारी में वृक्षारोपण करते एसडीएम व ईओ।

अज्जू के अलावा नगर पालिका के आरआई राकेश बिंद सहित नगर पालिका के सैकड़ों कर्मचारी ने वृक्षारोपण में भाग लिया और सभी ने वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया। नगर पालिका द्वारा इसी प्रकार का कार्यक्रम एमआरएस सेंटर व बराछा स्थित गोशाला में भी किया गया। नगर पालिका सूत्रों के अनुसार वृक्षारोपण में छाय्रादार व फलदार वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें आम, अमरुद, जामुन, पीपल, नीम आदि का वृक्षारोपण हुआ।

## बैंक ऑफ बड़ौदा स्थापना दिवस पर पदयात्रा का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपना 117वां स्थापना दिवस पर्यावरण संरक्षण को समर्पित करते हुए मनाया। इस विशिष्ट दिन 20 जुलाई को प्रतापगढ़ जनपद की शाखाओं के अनेक कर्मचारियों एवं ग्राहकों ने पदयात्रा निकाल कर पर्यावरण संरक्षण के विषय में जनता को जागरुक किया और बैंक शाखाओं के आसपास फलदार वृक्ष लगाने का अभियान चलाया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी-2 से आए मुख्य प्रबंधक आशुतोष मिश्रा, राकेश कुमावत



पदयात्रा में शामिल मुख्य प्रबंधक व कर्मचारीगण।

सहित मुख्य प्रबंधक सत्यप्रकाश राजपूत, एलडीएम गोपाल शेखर झा के साथ सौ से अधिक लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एक व्यक्ति एक पेड़ और एक पेड़ मां के नाम के आह्वान के साथ पदयात्रा का समापन हुआ। उधर बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, गोंडे के परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण बैंक ऑफ़ बड़ौदा, वाराणसी-2 से आए हुए मुख्य प्रबंधक राकेश कुमावत, आशुतोष मिश्रा, एलडीएम गोपाल शेखर झा, निवर्तमान निदेशक जितेंद्र प्रसाद, वर्तमान निदेशक रवि रंजन आदि द्वारा किया गया। बैंक के मुख्य प्रबंधक सत्य प्रकाश राजपूत, विपिन कुमार यादव तथा डूडा से जितेंद्र कुमार यादव, अनुपम त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# साईंनाथ के जयकारों से गूंजा शहर, धूमधाम से निकली पालकी शोभायात्रा

## आधा दर्जन बैण्डबाजों के साथ पूरे शहर में घूमी साई की पालकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साईनाथ महोत्सव के पहले दिन शनिवार की शाम लगभग पांच बजे बलीपुर स्थित साई दर्शन मंदिर बलीपुर से साईनाथ की भव्य पालकी सजाकर शोभा यात्रा निकाली गई जो अम्बेडकर चैराहा, पुलिस लाइन, चैक घंटाघर होते हुए वापस बलीपुर लौटी। इस शोभा यात्रा में आधा दर्जन से ज्यादा बैण्डबाजे थे जहां साईनाथ के भजनों पर बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे थिरक रहे थे। साईनाथ के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान था।




शोभा यात्रा में शामिल अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ व भक्तगण।

बता दें कि बलीपुर स्थित साई दर्शन मंदिर बलीपुर में होने वाले 34वें तीन दिवसीय परंपरागत साई नाथ महोत्सव का आग आज शनिवार से हो गया। बाबा की नगर भ्रमण पालकी शोभायात्रा से इसका शुभारंभ किया गया। इस दौरान सबको परिचय पत्र, पट्टिका व टोपी प्रदान किया गया। अध्यक्ष साई भक्ति प्रसार भूषण शैलेंद्र नाथ ने बताया कि यात्रा अंबेडकर चैराहा, श्रीराम चैराहा, चैक, बाबागंज व भंगवा चुंगी से होकर पुनरू बलीपुर साई दर्शन मंदिर पहुंची। उन्होंने बताया कि रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व मंदिर में मनाया जाएगा और दोपहर में आरती होगी। शोभा यात्रा में वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष त्रिपाठी, विनोद सिंह, प्रदीप शुक्ल, रोशनलाल ऊमरवैश्य, संजय खंडेलवाल, विजय शुक्ल, आरपी सिंह राजू, शिवेंद्र नाथ मिश्र, देवव्रत मिश्र, उत्कर्ष मिश्र, ओम शुक्ल, शनिव्रत, विवेक धींगरा व शिवम मिश्र ने सुझाव रखे।

## बीएसए ने अनुपस्थित 73 कर्मचारियों का वेतन रोका, मांगा स्पष्टीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों व जिला समन्वयकों को एक जुलाई से 16 जुलाई तक विद्यालयों का निरीक्षण करने का आदेश दिया था जिसके क्रम में कई शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों के वेतन/मानदेय को अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। जो कर्मचारी अनुपस्थित मिले, उसमें बाबा बेलखरनाथ धाम, नगर क्षेत्र, लालगंज, बाबागंज, मानधाता, सांगीपुर, कुण्डा, आसपुर देवसरा, सदर, सण्डवा चण्डिका, बिहार, गौरा क्षेत्र के 73 कर्मचारी शामिल रहे। बीएसए ने सभी से स्पष्टीकरण मांगा है।

# पुनर्मतगणना में एक वोट से विजयी ग्राम प्रधान 32 वोटों से हुई विजयी

### एक मत से हारने पर विपक्षी ने दाखिल की थी याचिका

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील के ब्लाक कालाकांकर की ग्राम पंचायत शेखपुर धनापुर में 2021 में सम्पन हुए ग्राम पंचायत चुनाव में कुल 774 मतो मे 254 मत सुषमा को मिला था जब कि वहीं दूसरे नंबर पर निकटतम रही मिथलेश कुमारी को 253 मत मिले थे जिससे एक मत से सुषमा निर्वाचित घोषित की गयी।

सम्पन्न हुए चुनाव मे 14 महिलाये ग्राम प्रधान पद की प्रत्याशी थी।मतगणना पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए दूसरे स्थान पर रही मिथलेश कुमारी ने कुंडा एसडीएम न्यायालय मे याचिका दाखिल कर पुनर्मतगणना कराने की मांग की थी जिसमे 20 जुलाई 24 को एसडीएम कुंडा भरतराम , नायब तहसीलदार शैल कुमारी, मतगणना सहायक एडीओ कोआपरेटिव यशवंत सिंह, संग्रह अमीन अब्दुल वजूद, रामप्रसाद व राम निहोर यादव ने ग्रामपंचायत के एजेंटो की मौजूदगी मे पुनर्मतगणना गुरुवार की सुबह 11 बजे शुरु किया जंहा भारी संख्या मे ग्राम वासी मौजूद रहे पुनर्मतगणना मे सुषमा को 249 व मिथलेश कुमारी को 217 मत गिनती मे मिले जिससे 2021 मे विजयी ग्राम प्रधान सुषमा को इस बार पुनर्मतगणना मे 32 मत मिला। पुनर्मतगणना के दौरान पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## ब्लाक कालाकांकर में ग्राम पंचायत सदस्य व क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव 6 अगस्त को

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** वकास खंड कालाकांकर की रिक्त हुई सीट मे 6 अगस्त 24 को ग्राम पंचायत सदस्य के 5 सीट व क्षेत्र पंचायत सदस्य के 2 सीट का चुनाव होना है। जानकारी करने पर एडीओ पंचायत कालाकांकर प्रभारी सुशील जायसवाल ने बताया कि रिक्त हुई सीट पर यदि एक के अलावां और कोई नामांकन पत्र खरीदता है तो उस गांव का चुनाव ग्राम पंचायत मे होगा और यदि उक्त गावो से केवल एक ही नामांकन पत्र खरीदता है तो वह निर्विरोध माना जायेगा जिसकी औपचारिकता ब्लाक मुख्यालय से होगी ग्राम पंचायत सदस्य मे हिनाहु वार्ड संख्या(7), जनवामऊ में वार्ड संख्या(10), मधवापुर में वार्ड संख्या (5), बडेरा मे वार्ड संख्या (13), रोकाईयापुर मे वार्ड संख्या (4) तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य मे जनवामऊ अनारक्षित सीट महिला वार्ड संख्या (2) व अंतामऊ मे पिछड़ा वर्ग वार्ड संख्या (1) का रिक्त सीट का चुनाव होना है।

## कार की टक्कर से छात्र की दर्दनाक मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कार की टक्कर से छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जिला मुख्यालय भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के कटरा बलीपुर निवासी अनूप सरोज 15 पुत्र शिव कुमार सरोज शनिवार को लालगंज कस्बा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल आया था। वह स्कूल बंद होने के बाद घर जा रहा था। इसी दौरान पेट में दर्द होने से वह ट्रामा सेण्टर के बगल सुलभ काम्पलेक्स चला गया। वहां से निकलकर घर आ रहा था कि इसी बीच प्रतापगढ़ की तरफ से आ रही आर्टिगा कार ने छात्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

# उप मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण का किया आह्वान

उप मुख्यमंत्री ने पेड़ लगाओं-पेड़ बचाओं जन अभियान एक पेड़ मॉ के नाम के तहत हरिशंकरी पौधारोपण किया





**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में वन विभाग द्वारा आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में हरिशंकरी (पीपल, पाकड़ एवं बरगद) पौधारोपण कर पारिस्थितिक संतुलन तथा पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने के लिए आमजन से अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं पौधों के संरक्षण के प्रति आवाह्न किया।इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायकगण संजय गुप्ता व लाल बहादुर एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी श्रीमती कविता पासी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## धुमाई गांव में फिर एक परिवार हुआ उल्टी दस्त का शिकार , एक मासूम की मौत



**अझुवा कौशांबी।** सिराथू तहसील का गांव धुमाई इस समय चर्चा में बना हुआ एक परिवार उल्टी दस्त से ठीक होता है वहीं दूसरा परिवार बीमार पड़ जाता है उल्टी दस्त से धुमाई गांव में 3 मौतें पहले हो चुकी हैं।डॉक्टर टीम प्रत्येक दिन आकर कैंप लगाकर कई दर्जन लोगों मरीजों को दवा का वितरण कर रहे हैं साफ सफाई जबरदस्त चल रही है लेकिन फिर भी कोई न कोई बीमार पड़ जाता है और अचानक मौत हो जाती है ऐसी ही एक घटना के अनुसार धुमाई निवासी रामप्रसाद की बेटी उषा देवी पत्नी रमेश कुमार अपनी ससुराल तकीपुर राला से 16 जुलाई को पांच बच्चों कविता 12 वर्ष अतुल 10 वर्ष सोनम 8 वर्ष परी 4 वर्ष अनीता 14 वर्षको लेकर अपने पिता राम प्रसाद के घर घुमाई आई थी बीती कल शुक्रवार दोपहर कढ़ी चावल रोटी खाने के बाद कविता परी को उल्टी दस्त होने लगे बच्चों की मां उषा देवी बीमार बच्चों को लेकर अझुवा इलाज को आई दवा लेकर सीधे ससुराल चली गई तकीपुर राला गांव पहुंचते ही मासूम परी ने दम तोड़ दिया वही घुमाई गांव में बीती रात को ही सोनम अमित उलटी दस्त से पीड़ित हो गए जिसे उषा की मां फुल कली ने बीमारी के दौरान ही बेटी की ससुराल तकीपुर राला छोड़ आई है।आज शनिवार आशा बहू सुनीता देवी की सूचना पर कड़ा इस्माइलपुर स्वास्थ्य अधीक्षक डॉक्टर सऊद ने डॉ आसिफ नायब राम गौरव कुमार सुरेश सीमा देवी की टीम बनाकर गांव भेजा जिसने गांव के पंचायत भवन में कैंप लगाकर 40 लोगों को दवावों का वितरण कर साफ सफाई के लिए जागरूक किया है।

## न्यूज झरोखा

### महामाया राजकीय महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का आयोजन



**कौशाम्बी** महामाया राजकीय महाविद्यालय में 20 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना रोवर्स रेंजर्स एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम एवं वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अभियान के अंतर्गत डॉ0 शैलेंद्र तिवारी, प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय के निर्देशन में वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में जामुन का पेड़ लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।तदुपरांत वृक्षारोपण अभियान के उच्च शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी डॉ आनंद कुमार द्वारा महाविद्यालय परिसर में नीम का पेड़ लगाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रांगण में आम, अमरूद ,जमुना , नीम केसिया, अर्जुन, शीशम आदि को वृक्षारोपण के अंतर्गत रोपित किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण प्रभारी डॉ अनिल कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।इस अवसर पर प्रो. अनिल कुमार सोनकर ,डॉ. अजय कुमार ,,डॉ. भावना केसरवानी ,डॉ. रीता दयाल , डॉ पवन कुमार ,डॉ. तरित अग्रवाल ,डॉ. रमेश चंद्र , डॉ राम प्रताप यादव ,डॉ. संतोष कुमार ,डॉ. शैलेश मालवीय तथा श्री अजय कुमार वरिष्ठ लिपिक मानवेंद्र सिंह एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### बैंक के प्रबंधक ने विद्यालय परिसर में किया पौधारोपण



**भरवारी कौशाम्बी** बृहद पौधा रोपण के अवसर पर मंझनपुर ब्लाक क्षेत्र के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गौरा प्रथम में बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक एवम एआरपी अतुल कुमार प्रजापति द्वारा शनिवार की सुबह पौधारोपण किया गया है इस मौके पर उन्होंने पेड़ से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से चर्चा की है उन्होंने कहा कि वृक्ष हमे ऑक्सीजन देते हैं जो मानव जीवन के लिए बहुत उपयोगी है इसके साथ-साथ वृक्ष से हमें लकड़ी मिलती है फल फूल मिलते हैं उन्होंने लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया है बैंक प्रबंधक ने विद्यालय प्रांगण में फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने की मुहिम को मजबूत किया है इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ एवम छात्र छात्राएं मौजूद रही

## 6 दिन बीते अधेड़ की हत्या का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस!

बारात से बुलाकर तीन आक्रोशित हमलावरों ने अधेड़ को उतारा था मौत के घाट, पूछताछ के नाम पर 5 लोगों को हिरासत में लेने के बाद अब शुरू है सौदेबाजी

**कौशाम्बी।** बिन बुलाए मेहमान की तरह बारात में जाने वाले अधेड़ सदल उम्र 42 वर्ष पुत्र मिश्रीलाल पासी निवासी मलखा महेवा भरवारी की 13 जुलाई की रात्रि में तीन लोगों ने हत्या कर चरवा थाना क्षेत्र के रैया देह माफी के पास झाड़ियां में लाश फेंक दी है कुछ दूर में एक बाइक भी पड़ी थी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे ने पूरी घटना की कहानी का खुलासा कर दिया है सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद आरोपियों को पुलिस ने जेल नहीं भेजा है घटना को 6 दिन बीत जाने के बाद हत्या की कहानी का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है। सूत्रों की माने तो सत्ता पक्ष से जुड़े एक नेता हत्यारो को बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं हत्यारो को वह अपना खास बता रहे हैं बताया जाता है कि इन नेताजी का दो जिले की राजनीति में वर्चस्व है दबाव के चलते पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर रही है किस बात को लेकर के इन युवको का खून खौला है यह तो बड़ी जांच का विषय है इन्होंने किस साजिश के तहत अधेड़ की हत्या की है इस कहानी की चर्चा लोगों की जुबान में है बताया जाता है कि घटना की रात एक मोटरसाइकिल से मृतक अधेड़ जा रहा था पीछे दूसरी मोटरसाइकिल से तीन युवक जा रहे थे मृतक अधेड़ वापस नहीं लौट सका और पीछे से जाने वाले तीन युवक आधे घंटे बाद उसी रास्ते से आते हुए वापस दिखाई पड़े हैं आते जाते घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिससे पुलिस को काफी अहम सुरंग मिल गए आधी रात को 5 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी पकड़े गए लोगो से पूछताछ में पुलिस के हाथ अहम सुराग लग गए लेकिन इसी बीच आरोपी युवको को बचाने के लिए एक नेता सक्रिय हुए और सौदेबाजी शुरू हो गयी जिससे अधेड़ की हत्या का खुलासा पुलिस नही कर सकी।

## मारपीट में घायल युवक की 22 दिन बाद मौत, परिजनों में मचा कोहराम

माँ-बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार अन्य की तलाश जारी



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 12 न्यानगर में ठेला लगाने के चक्कर में 2 युवकों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया था परिजनों की तहरीर पर सैनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर युवकों को शांति भंग में चालान किया गया था। उस मारपीट में घायल युवक की 22 दिन बाद आज सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई घटनाक्रम के मुताबिक रामलखन पुत्र मुन्नू लाल निवासी वार्ड नंबर 12 नयानगर अझुवा चार पहिया ठेले में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे मुंगौड़ा बेचता था 29 जून को पड़ोसी बबलू ,कामता नाथ पुत्रगण हीरालाल और उसकी मां गाली गलौज करने लगे मना करने पर हाथ में लिए डंडे से बबलू मारने लगा साथ में कामता और उसकी मां भी पीटने लगे रामलखन की पत्नी रीतू केसरवानी ने बताया कि मारपीट छोड़वाने पहुंची तो उसे भी पीट दिया और ब्लाउस फाड़ दिए मारपीट की सूचना पर पहुंची अझुवा चौकी पुलिस ने संबंधित धाराओं 308 में मुकदमा पंजीकृत किया था परिजन घायल राम लखन को प्रयागराज के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया युवक 22 दिन जिंदगी और मौत से लड़ता रहा।जहां आज भोर रामलखन की मौत हो गई पत्नी रीतू केसरवानी और परिजनों की सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस ने मारपीट की धाराओं को तरमीम कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मृतक रामलखन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज कर आरोपी युवक बबलू पुत्र हीरालाल और उसकी माँ को हिरासत में लेकर उक्त मुकदमे में वांछित अन्य अभियुक्तों की तलाश में जुट गई है।रोते बिलखते परिजनों ने आज शनिवार शाम को रामलखन का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

**कौशाम्बी।** नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने शनिवार को कार्यालय पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया है इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शासन के नियम अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए हैं कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि जिले में चल रहे फर्जी अस्पतालो झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्यवाही पहली प्राथमिकता होगी नवागत सीएमओ के कार्यभार ग्रहण करते ही झोला छाप चिकित्सकों में हड़कंप मचा है और वह सेटिंग में लग गए हैं।

### रेप आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र में रेप की घटना के आरोपी विवेक कुमार उर्फ काजल पुत्र अनिल कुमार पटेल निवासी कोटिया का पुरवा थाना सराय अकिल को अदालत ने 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है दोषी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी अदालत ने लगाया है।

### बोलेरो ने मोटर साइकिल चालक को मारी जोरदार टक्कर



**कौशाम्बी** मंझनपुर थाना के शमसाबाद पुलिस चौकी के सेलरहा पश्चिम गांव के समीप बोलेरों चालक ने मोटर साइकिल चालक को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे मोटर साइकिल चालक धर्मेंद्र कुशवाहा के पैर में गहरी चोट लगी है और हाथ टूट गया है धर्मेंद्र को आज मुम्बई जाना था इसी लिए देवीगंज अपने रिश्तेदारी गया था वहा से वापस लौट रहा था हादसे के बाद बगल के खेत में धान की रोपाई कर रही महिलाओं ने शोर मचाया तो लोगों ने बोलेरो चालक को धर दबोचा। लेकिन बोलेरो चालक गाड़ी को साइड करने के बहाने फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगो ने एम्बुलेंस को फोन कर घायल को जिला अस्पताल भिजवाया है

### एक पेड़ मां के नाम किया गया वृक्षारोपण जन अभियान



**कल्याणपुर कौशांबी** पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के तहत एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण जन अभियान कार्यक्रम में आज 20 जुलाई 2024 को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जनपद कौशांबी के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि ओम कुमार सिंह एवं डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला ने अस्पताल परिसर में जगह जगह पौधरोपण किया इस मौके पर पेड़ से होने वाले फायदे के बारे में लोगों को बताया गया और पौधा रोपण करने के लिए प्रेरित किया गया पौधरोपण कार्यक्रम में डॉक्टर रवि रंजन सिंह,डॉक्टर सुरभि प्रकाश,डॉक्टर धर्म राज सिंह,डॉक्टर सौरभ मिश्रा,चीफ फार्मासिस्ट, बीएन सिंह, चीफ फार्मासिस्ट एसबी सिंह ,वरिष्ठ प्रयोशाला प्राविधिज्ञ मोती लाल सिंह एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## एसपी ने एक पेड़ माँ के नाम "अभियान के तहत किया पौधारोपण

जनपद के समस्त थाना और पुलिस चौकी में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियो द्वारा लगाएं गए पौधे



**कौशाम्बी।** एक पेड़ माँ के नाम "अभियान व " पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ "जन अभियान के अन्तर्गत शनिवार को दिनांक 20 जुलाई को पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पौधारोपण किया गया। साथ ही पौध लगाकर वृक्षारोपण के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की गयी। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त थाना और पुलिस चौकी में पुलिस अधिकारी और कर्मचारियो द्वारा बड़ी संख्या में फलदार व छायादार आदि पौधों को लगाकर वृक्षारोपण अभियान में अपना योगदान किया जा रहा है। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने इस दौरान कहा की वृक्षारोपण को सबसे आकर्षक और पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियों में से एक के रूप में जाना जाता है जिसमें लोग ग्रह की मदद करने के लिए भाग ले सकते हैं। यह आवश्यक है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वायु की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। वे मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक हैं। वृक्षारोपण से प्रदूषण भी कम होता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन अधिक सुरक्षित होता है। पौधे कई तरह से पर्यावरण को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। वे बिना किसी शर्त के जीवित प्राणियों को सांस लेने के लिए ताजी हवा, भोजन और मानव अस्तित्व के लिए कई तरह की जरूरतें जैसे कि आश्रय, दवा, उपकरण और बहुत कुछ प्रदान करते हैं। वे विभिन्न पक्षियों और जानवरों का घर भी हैं। इसके अलावा, वे जैव विविधता, पानी, मिट्टी का संरक्षण करते हैं और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करते हैं। पेड़ों में कई औषधीय गुण भी होते हैं और इनका उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जिससे वे स्वस्थ, घुटन-मुक्त और प्रदूषण-मुक्त जीवन के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं।

## हर घर नल से जल के तहत कराये जा रहें कार्यो की डीएम ने की भौतिक प्रगति की समीक्षा

सहायक अभियंता अवर अभियंता को क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्रतिदिन कार्यो की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्मों द्वारा हर घर नल से जल के तहत कराये जा रहें कार्यो की भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने एजेन्सी के अधिकारियों से कहा कि ग्रामों में हर-घर नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने आदि कार्यों की जानकारी ग्रामवासियों को दी जाय तथा कार्य अवधि में ग्रामवासियों से संवाद करते हुए कार्य पूर्ण होने आदि की जानकारी भी दी जाय। इसके साथ ही गावों में कार्य की जानकारी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को देते हुए कार्य की पूरी रिपोर्ट भी उपलब्ध करायी जाय। उन्हांने सभी सहायक अभियंता/अवर अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया कि प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए हर-घर नल योजना के तहत कराये जा रहें कार्यों की निगरानी करें तथा ओवरहेड टैंक, सड़क ठीक कराने, सोलर प्लान्ट की प्रगति एवं कनेक्शन व जलापूर्ति आदि की प्रगति की रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध करायी जायं। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को मानक के अनुसार निर्धारित समय में ठीक कराया जाय, ताकि सड़क से सम्बन्धित कोई भी शिकायत न आने पाये जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता,जल निगम से कहा कि सभी सहायक अभियंता/अवर अभियंता के मोबाइल नम्बर विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायतों की दीवार पर चस्पा कराया जाय, जिससे ग्रामवासी संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकें। उन्होंने विकास खण्डवार सोलर प्लान्ट लगाये जाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि सोलर प्लान्ट का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम जयपाल सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल योजना के तहत फर्म जेएमसी 275 गॉव एवं बाबा जी ए इन्फ्रा 351 गॉव में कार्य कर रहीं हैं।

### डीपीआरओ एवं बीडीओ ने निरीक्षण कर किया पौधारोपण



**कौशांबी।** शनिवार को सुबह खण्ड कड़ा ब्लाक के अलीपुर जीता ग्राम पंचायत पहुंचकर डीपीआरओ अनिल कुमार सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी दिनेश कुमार सरोज ने पंचायत भवन मंडी समित आरसी सेन्टर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द मंडी समित में ही गांव में लग रही सब्जी बजार को लगवाने एवं आरसी सेन्टर को चालू कराने का निर्देश दिया, निरीक्षण में दौरान ग्राम पंचायत में हो रहे पौधारोपण का निरीक्षण कर पंचायत भवन में पौधारोपण किया साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण कराने के लिए निर्देश दिए, डीपीआरओ ने कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन है वृक्षों से हमें आक्सीजन प्रदान होता है, इस दौरान एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी, एपीओ जय नारायण पाण्डेय, ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी सत्यप्रकाश पाण्डेय, ग्राम प्रधान रहबर खान, रोजगार सेवक शशि शेखर पाण्डेय, एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बुलेट की टक्कर से महिला का दायां पैर टूटा



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत मूरतगंज के मस्जिद के ठीक सामने से सड़क क्रास कर रही अधेड़ महिला को बुलेट बाइक चालक ने टक्कर मार दिया है जिससे महिला का पैर टूट गया जानकारी के अनुसार केलपति उम्र 50 वर्ष पत्नी स्वर्गीय नोखे उम्र निवासी रघुनाथ पुर कालोनी मूरतगंज किसी काम से गयी थी वापस घर आते समय बुलेट बाइक चालक ने टक्कर मार दिया जिससे पैर टूट गया मौके पर मूरतगंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार तोमर दिवान लालबाबू ने अधेड़ महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया व बुलेट बाइक को पकड़कर मूरतगंज चौकी पर खड़ी कराया।

## राजस्व के मामले में हस्तक्षेप कर धन वसूली में जुटी टेढ़ीमोड़ चौकी पुलिस

एसडीएम के इस आदेश पर राजस्व लेखपाल ने दोनों भाइयों की जमीन की रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया

डीएम डीएम एसपी एडीजी कमिश्नर के आदेश को नही मानते है चौकी इंचार्ज

**कौशाम्बी।** सूबे के मुख्यमंत्री से लेकर के जिला अधिकारी पुलिस अधीक्षक पुलिस कमिश्नर अपर पुलिस महानिदेशक समेत सभी अधिकारी लगातार थाना पुलिस चौकी पुलिस को निर्देशित कर रहे हैं कि वह राजस्व के मामले में राजस्व टीम के साथ मामले का निस्तारण करें लेकिन पुलिस अधीक्षक जिला अधिकारी मुख्यमंत्री द्वारा दिए जा रहे आदेश संयुक्त टीम के साथ जमीनी विवाद के निस्तारण के आदेश को मानने के बजाय टेढ़ी मोड़ चौकी इंचार्ज पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आए हैं उन्हें अधिकारियों के आदेश की परवाह नहीं है वह मनमानी तरीके से राजस्व के मामले में दखल करके धन वसूली में जुटे हैं जिससे क्षेत्र में लोग परेशान हो उठे हैं लेकिन तानाशाह चौकी इंचार्ज पर अभी कार्यवाही होती नहीं दिख रही है। ताजा मामला टेढ़ी मोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र के अमर सिंह व अमृतलाल पुत्र जगलाल निवासी तरसौरा थाना कोखराज का है अमृतलाल व अमर सिंह के आराजी भूमिधर गाटा संख्या 210/2 पर वह निर्माण कर रहे थे चारो तरफ दीवाल उठ चुकी है छत डालने से पुलिस ने रोक लगा दी 5 महीने पहले 15 फरवरी 2024 को उप जिला अधिकारी सिराथू ने कोखराज कोतवाल और राजस्व निरीक्षक को निर्देश किया की जांच कर लें सरकारी भूमि पर निर्माण ना हो यदि भूमि धरी पर निर्माण हो रहा हो तो अनावश्यक व्यवधान न करने दें शांति व्यवस्था बनाए रखें एसडीएम के इस आदेश के बाद राजस्व लेखपाल ने दोनों भाइयों की जमीन की रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दिया है जिससे इन दोनों भाइयों की जमीन प्रमाणित है लेकिन उसके बाद भी टेढ़ी मोड़ चौकी इंचार्ज मनमानी पर उतारू है वह पुलिसिया दबाव में जमीन में निर्माण नहीं करने दे रहे हैं आखिर सवाल उठता है कि राजस्व के मामले में इन्हें हस्तक्षेप करने का अधिकार किसने दिया है शांति व्यवस्था के नाम पर किसी व्यक्ति का उत्पीड़न करना पुलिस के नियमों में कहां तक सही है यह बड़ी जांच का विषय है इसके पहले भी चौकी पुलिस के राजस्व के मामले में बेवजह दखल के कई मामले उजागर हो चुके हैं चौकी पुलिस खाकी वर्दी को शर्मसार कर धन वसूली में जुटी है जिससे लोगों का पुलिस से भरोसा उठ रहा है मनमानी तरीके से जमीन निर्माण में बाधक बने चौकी इंचार्ज ने जमीन मालिकों को गाली गलौज करते हुए उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया और कहा है कि यदि मकान में छत बनाई तो तुम्हें जेल भेज देंगे जबकि राजस्व विभाग निर्माण को नहीं रोक रहा है पीड़ित का मकान के छत का निर्माण न होने से वह अधिकारियों की चौखट पर दौड़ लगा रहा है और 20 जुलाई को जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक से मिलकर चौकी इंचार्ज टेडीमोड के कारनामे को बताते हुए भूमिधरी जमीन पर निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### हर्रायपुर चौकी प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर पुलिस चौकी प्रभारी अवधराज यादव हमराही राकेश कुमार यादव व नरेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश के अनुसार हर्रायपुर चौराहा पर पैदल गस्त करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए इस दौरान उन्होंने वाहनों की चेकिंग की है जांच के दौरान अपूर्ण अभिलेख पाए जाने पर लोगों के वाहनों का चालान किया है लोगों को हेलमेट लगाकर चलने के लिए निर्देशित किया है पुलिस टीम ने गस्त के दौरान कानून व्यवस्था का जायजा लिया लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया है।

## संपादक की कलम से

# महानगरों में बढ़ता जानलेवा प्रदूषण गंभीर चुनौती

चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के हाल के अध्ययन में वायु प्रदूषण की बढ़ती विनाशकारी स्थितियों के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले है बल्कि अत्यंत चिन्तातनक है। भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण के रूप में पसर रही मौत के लिये सरकार एवं उनसे संबंधित एजेंसियों की लापरवाही एवं कोताही शर्मनाक है, क्योंकि सरकार द्वारा 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। गंभीर से गंभीरतर होती वायु प्रदूषण की स्थितियों के बावजूद समस्या के समाधान में कोताही चिन्ता में डाल रहे है एवं आम जनजीवन के स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। महानगरों में प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं।

केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण एवं हवा में घुलते जहरीले तत्वों की चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यक्रम के क्रियान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। सरकार की कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। लेकिन विडम्बना है कि तय लक्ष्य हासिल नहीं हो सके। महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान को निरन्तर जीवन का हिस्सा बनाना होगा। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में गत दो-तीन साल में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।

प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। इसके लिये शहरों में वृक्षारोपण कर-के हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे प्रयास करने के सुझावों का क्रियान्वित करने की अपेक्षा है, इसके लिये जो कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। जिससे समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। इसी कारण देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे महानगरों को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? प्रशासन अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पा रहा है?

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये सक्रिय है, केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन विडम्बना है कि पर्याप्त फण्ड होने के बावजूद सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। कैसे समस्या से मुक्ति मिलेगी? जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना जटिल होता जा रहा है। अब समस्या की विकरालता को देखते हुए केंद्र सरकार इस दिशा में नये सिरे से गंभीरता से पहल कर रही है, जिससे प्रदूषित शहरों को दी जाने वाली राशि का यथा समय अधिकतम उपयोग हो सके। पराली की समस्या का हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता तो प्रदूषण को कम करने की दिशा में हम कुछ कदम बढ़े होते।

वायु प्रदूषण एक जाना-पहचाना पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा है। हम जानते हैं कि हम क्या देख रहे हैं जब भूरे रंग की धुंध शहर के ऊपर छा जाती है, व्यस्त राजमार्ग पर धुआं निकलता है या धुएँ के ढेर से धुआं निकलता है। वायु प्रदूषण मानव निर्मित और प्राकृतिक दोनों स्रोतों से उत्पन्न खतरनाक पदार्थों का मिश्रण है।

## मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाने के साथ स्पर्म काउंट भी कम कर सकता है मोटापा

नई दिल्ली। एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि मोटापा मस्तिष्क को प्रभावित करने के साथ-साथ स्पर्म काउंट को भी कम कर सकता है।

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-रिवरसाइड के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में मानव मोटापे की नकल करने के लिए चूहों को उच्च वसा वाले आहार खिलाए।

निष्कर्षों में पता चला है कि चूहों के मस्तिष्क में न्यूरॉन्स के बीच कनेक्शन कम थे और उन रिसेप्टर्स की संख्या भी कम थी जो आम तौर पर मस्तिष्क को सचेत करते हैं कि पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध है और खाना बंद कर देना चाहिए।

स्कूल ऑफ मेडिसिन में बायोमेडिकल साइंसेज के प्रोफेसर और जर्नल ऑफ न्यूरोसाइंस में प्रकाशित अध्ययन की मुख्य लेखिका जुराजिका कॉस ने कहा, "इससे यह समझा जा सकता है कि हम अपने कैलोरी सेवन की मात्रा में कटौती क्यों नहीं कर पाते हैं।"

कॉस ने कहा कि प्रजनन कार्य हाइपोथैलेमस-पिट्यूटरी-गोनैडल अक्ष द्वारा नियंत्रित होता है, जो मोटापे से बाधित हो जाता है। यह मुख्यतः वृषण या पिट्यूटरी की बजाय मस्तिष्क को प्रभावित करता है।

मोटापे में पिट्यूटरी ग्रंथि से हार्मोन का स्तर कम होने से कारण टेस्टोस्टेरोन और शुक्राणु उत्पादन में कमी आती है।

शोध में उच्च वसा वाले आहार खाने वाले चूहों में प्रजनन को नियंत्रित करने वाले न्यूरॉन्स में कम सिनैप्टिक कनेक्शन पाए गए, जो इंसानी शरीर के मेकेनिज्म के समान है।

मोटापा दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है और यह हृदय रोग और टाइप 2 मधुमेह जैसी स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है।

# गुरु के साथ गुरुघंटालों को भी पूजिये

**@ राकेश अचल**

गुरु पूर्णिमा हमारे यहां गुरुजनों को पूजने के लिए मुकर्रर की गयी तारीख है। कहते हैं कि इस तारीख को ' महाभारत 'के रचयिता महर्षि वेदवायास जी का जन्म हुआ था। इस लिहाज से गुरु पूर्णिमा वेदव्यास जी की 'हैप्पी वर्थडे' भी है। चूंकि हमारे कान में किसी ने कोई मन्त्र नहीं फूँका इसलिए हम 'निगुरु' है। यानि हमारा कोई संवैधानिक या सनातन गुरु नहीं है। ये हमारी बदनसीबी है या खुशनसीबी? इसके बारे में हमने न कभी सोचा और न हमें इसकी जरूरत पड़ी। लेकिन 140 करोड़ लोगों के इस देश में असंख्य लोगों के गुरु भी हैं और असंख्य के गुरुघंटाल भी। आज के दिन उनकी भी पूजा होती है।

गुरु पूर्णिमा को हमारे यहां 'व्यास पूर्णिमा' भी कहा जाता है। जब हमारे आरंभिक शिक्षक लंकेश पंडित जी थे, पत्रकारिता का ककहरा पढ़ाने वाले काशीनाथ चतुर्वेदी और साहित्य का सबक सिखाने वाले प्रो प्रकाश दीक्षित थे तब हम भी गुरु पूर्णिमा के दिन इन सभी का वंदन-अभिनदंन कर लेते थे। इनके चरण ही हमारे लिए कमल सदृश्य थे। अब कोई नहीं है, इसलिए हम भी गुरु पूर्णिमा के उत्स से मुक्त हो गए हैं। चूंकि हमने कोई भगवा वस्त्रधारी गुरु बनाया नहीं ,इसलिए हम आज के दिन गुरुओं से ज्यादा गुरुघंटालों पर नजर रखते हैं। नजर रखना कोई बुरी बात नहीं है। यदि आप अपनी दृष्टि से सब कुछ ओझल हो जाने देते हैं तो बुरी बात है।

गुरु पूर्णमा के दिन मैंने ऐसे-ऐसे गुरुओं और गुरु घंटालों को पुजते देखा है जो पूजा के लायक कम से कम मेरी नजर में तो नहीं हैं। अब गुरु पूर्णिमा के दिन को बाबा आसाराम, राम-रहीम जैसी बिरादरी को पूजते हैं तो मुझे तकलीफ होती है। लेकिन मेरी तकलीफ मेरी अपनी है। जिसे व्यभिचारियों और पाखंडियों की पूजा से सुख मिलता है उन्हें मै उनके सुख से वंचित नहीं करना चाहता। मै नहीं चाहता की इस तरह के गुरुओं और शिष्यों कके बीच 'दाल-भात में मूसलचंद' बना जाये।

गुरु का कोई न कोई रिश्ता गुरुता से भी होता है। हल्का आदमी किसी का गुरु नहीं हो सकता। हमारे यहां बाल्यावस्था में ही एक सूत्र रटा दिया जाता है कि - गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णुः गुरूदेवो महेश्वरः। गुरूर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः ।। हमारे जीवन पर इस सूत्र का गहरा प्रभाव है। हम किसी चौथे को गुरु मानते ही नहीं। हमारे लंकेश जी ने हमें बचपन में ही बता दिया था कि - गुरु-गोविंद दोनों खड़े, का के लागूं पांव। बलिहारी गुरु आपनो गोविंद दियो बताय। गुरु ही गोविंद कीपहचान करता है, इसलिए गुरु को श्रृद्धा से पूजिये। दुर्भाग्य से हमारे यहां गुरु भी ऐसे हुए हैं जो सबको दीक्षा नहीं देते। देते हैं तो शिष्य से गुरु-दक्षिणा में उसका अंगूठा मांग लेते हैं। ऐसे गुरुओं की आजकल भरमार है। आज के दिन मै अपने सभीमित्रों, पाठकों और शुभचिंतकों से अंगूठा मांगने वाले गुरुओं से सावधान करता रहता हूँ। मै इसे ही अपना लोकधर्म मानता हूँ।



कलियुग में गुरुओं और गुरुकुलों की कोई कमी नहीं है। कुछ राज सहायता प्राप्त गुरुकुल होते हैं कुछ सेठ सहायता प्राप्त। आजकल के गुरु धन-पशुओं के यहां शादी - विवाह में वर-वधू के साथ अपनी शैली में नृत्य करते हुए दिखाई दे सकते हैं। क्योंकि ऐसे शिष्यों के यहां गुरु -दक्षिणा में अंगूठा दखाया नहीं जाता बल्कि विदाई में झोलियाँ भर दी जातीं हैं। यदि आप आम आदमी हैं और आपका कोई गुरु है तो आपको उसकी पूजा करने उसके थान पर ही जाना पड़ेगा। वो अपनी पीठ पर अपनी पीठ लादकर आपके घर आने से रहा। आधुनिक गुरुओं के लिए तो आधुनिक शिष्य ऑस्ट्रेलिया तक चीलगाड़ी [ हवाई जहाज ] तक भेज देते हैं। तेरा तुझको अर्पण की मुद्रा में।

मेरा कोई गुरु नहीं है फिर भी मै हमेशा आब्जर्बेशन 'करता रहता हूँ। मेरे शोध का निष्कर्ष ये है कि आजकल के गुरु अपने शिष्य से अंगूठा मांगने की हिमाकत नहीं कर सकते,क्योंकि आजकल के शिष्य खुद गुरु का अंगूठा काटकर अपनी शिष्य दक्षिणा मानकर जेब में रख लेते है। उन्हें गोविंद के दर्शन के लिए गुरु की नहीं ,गुरुघंटालों की जरूरत होती है। आजकल गुरु घंटाल पूर्व के गुरुओं से ज्यादा भारी-भरकम हो गए हैं। वे राजनीती में दखल करते है। राजनीतिक मुद्दों पार बोलते हैं, लेकिन सबकी फीस मुकर्रर है। फीस दीजिये और जिस विषय पर जो बुलवाना है, बुलवा लीजिये।

कलियुग में गुरु और चेलों के रिश्तों में आमूल-चूल परिवर्तन हो गया है। कहीं गुरु और चेले दोनों शक्कर हो गए हैं और कहीं -कहीं गुरु गुड़ ही रह गए और चेले शक्कर,मिश्री या शहद तक हो गए हैं। आजकल के गुरु दीक्षा देने के अलावा सब कुछ दे सकते है। आपको योगविद्या सिखा सकते हैं। स्लिम ट्रिम करने के लिए,गोरा होने के लिए दवाएं दे सकते है। आपकी कामशक्ति बढ़ा सकते हैं। आपके लिए बार्गेनिंग भी कर सकते हैं और जरूरत पड़ने पर आपके शत्रुओं के खिलाफ मोर्चा भी खोल सकते हैं। आपके लिए चुनाव में प्रचार कर सकते है। उनके लिए कुछ भी वर्जित नहीं है। आप यकीन कीजिये कि मै अक्सर गुरुओं के गुरुत्वाकर्षण से बचने के लिए उन्हें दूर से ही प्रणाम कर लेता हूँ। उन्हें कभी अपने घर नहीं बुलाता। वे यदि भंडारा खिलाने के लिए बुलाते हैं तो हंसी-खुशी चला जाता हू। आखिर आज के महंगाई के दौर में एक वक्त का निशुल्क भोजन मिलना भी एक तरह की अलप बचत है।

मै तो कहता हूँ कि महंगाई की मार से बचना है तो सप्ताह में कम से कम तीन दिन मंदिरों में जाकर भंडारा या लंगर का प्रसाद ही ग्रहण करना चाहिए ।

आप मुझे गुरु नाम की संस्था का विरोधी बिलकुल मत मानिये,मै तो गुरु और गुरुकलों को दूर से ही प्रणाम करता हों। ये दोनों मिलकर देश में कांवड़ यात्रिओं की एक नई पीढ़ी तैयार कर रहे है। देश को इंजीनियरों,डाक्टरों,शिक्षकों की कम कांवड़ यात्रियों की ज्यादा जरूरत है ,क्योंकि सनातन को कंधे पर ये बेचारे ही तो धारण कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा करना ही सच्चा राजधर्म है। इस मामले में मै अपने गृह प्रदेश यूपी को आदर्श मानता हूँ। हमारी यूपी के मुख्यमंत्री खुद गुरु हैं। वे जानते हैं कि शिष्यों के लिए क्या उचित है और क्या अनुचित है ?

गुरु और संतों के बारे में सबकी अपनी-अपनी व्याख्या है। लेकिन हमारे कुलगुरु कबीर कहते हैं कि -
गुरू के लक्षण चार बखाना, प्रथम वेद शास्त्र को ज्ञाना।।
दुजे हरि भक्ति मन कर्म बानि, तीजे समदृष्टि करि जानी।।
चौथे वेद विधि सब कर्मा, ये चार गुरू गुण जानों मर्मा।।

अगर आपके लिए कबीर कुछ काम आ जाएँ तो इसे भी आप अपने गुरु की कृपा मान लें । कलियुग में गुरु का जटा- जूटधारी होना कोई अनिवार्य शर्त नहीं है। जटा-जूट हो तो सोने में सुहागा और न हो तो और भी बढ़िया। वैसे हम हिन्दुओं और मुसलमानों के गुरु दाढ़ियां और तिलकधारियाँ जरूर रखते है। ईसाइयों के गुरुओं की अपनी पोशाक और वेशभूषा है।आदिवासियों के गुरु आदिवासियों जैसे होते हैं। आप सभी को गुरुपर्व की बधाई। दुर्भाग्य से गुरु पूर्णिमा के दिन हमारे यहां एक शोक प्रसंग हुआ था इसलिए हम इस दिन मौन रहना ही श्रेयस्कर समझते हैं। अपने पिता को याद करते हैं। अपने दिवंगत रिश्तेदारों को याद करते हैं।

# अंबेडकरवाद की जड़ें हुई और मजबूत

**- प्रो. रविकांत**

उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि इसके सबसे बड़े ब्रांड नरेंद्र मोदी बनारस से चुनाव लड़ते हैं। उनके अलावा हिंदुत्व के सबसे कट्टर छवि वाले योगी आदित्यनाथ पिछले 7 साल से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। हिंदुत्व के दो सबसे बड़े फायर ब्रांड चेहरों के होते हुए भी यूपी में भाजपा का हारना बड़े सवाल खड़े करता है। लेकिन जिन विश्लेषकों को यूपी के नतीजे पर विश्वास नहीं हो रहा है, वे शायद यह भूल गए हैं कि उत्तर प्रदेश मान्यवर कांशीराम की भी कर्मभूमि है। लोकसभा चुनाव में देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में भाजपा अपनी हार से नहीं उबर पा रही है। 80 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 75 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था। लेकिन भाजपा अपने पुराने सहयोगियों के साथ मिलकर भी लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। यूपी में एनडीए को कुल 36 सीटों पर जीत मिली जबकि कांग्रेस और सपा का इंडिया गठबंधन 43 सीटें जीतने में कामयाब हुआ। यह भाजपा के उसके अपने गढ़ में बहुत बड़ी हार है। वैसे तो भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को महाराष्ट्र में भी बड़ा झटका लगा। वहां 48 में से 31 सीटों पर एनडीए को पराजय मिली लेकिन यूपी में भाजपा की हार ज्यादा मानीखेज है। यही कारण है कि इन दिनों यूपी बीजेपी में घमासान जारी है। इस हार का जिम्मेदार कौन है? इसके लिए खींचतान अभी भी चल रही है। लेकिन इस पराजय ने नरेंद्र मोदी को एनडीए की सरकार बनाने के लिए मजबूर कर दिया। '56 इंच की छाती वाला' और 'एक अकेला सब पर भारी' कहने वाले नरेंद्र मोदी इस समय नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की बैसाखियों के सहारे सरकार चला रहे हैं। मूल प्रश्न यह है कि आखिर यूपी में बीजेपी की हार क्यों हुई और इस पराजय को इतना बड़ा क्यों माना जा रहा है? भाजपा जिस राम मंदिर आंदोलन के सहारे सत्ता के दरवाजे तक पहुंची, उसका केंद्र उत्तर प्रदेश है। 1980 में स्थापित भाजपा के राम मंदिर आंदोलन का पहला नतीजा 6 दिसंबर 1992 को आया, जब बाबरी मस्जिद ढहा दी गई। इसके करीब 27 साल बाद 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू जन भावनाओं के आधार पर विवादित स्थल पर राम मंदिर बनाने का फरमान जारी कर दिया। 5 साल बाद 22 जनवरी 2024 को नवनिर्मित राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। भाजपा को यह उम्मीद थी कि राम मंदिर के जरिए 2024 का लोकसभा चुनाव आसानी से जीत लिया जाएगा। लेकिन चुनाव नतीजों ने भाजपा को ही नहीं बल्कि बड़े-बड़े विश्लेषकों को भी चौंका दिया। भाजपा उस फैजाबाद सीट पर भी चुनाव हार गई जहां अयोध्या स्थित है। ध्यातव्य है कि यहां जीतने वाले सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पासी दलित हैं। अयोध्या में बीजेपी की हार बेहद शर्मनाक साबित हुई। इसका एक परिणाम यह हुआ कि तब से नरेंद्र मोदी ने जय श्रीराम का नारा लगाना बंद कर दिया, जो राम मंदिर आंदोलन और भाजपा की राजनीति का सबसे तेजाबी नारा था। उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि इसके सबसे बड़े ब्रांड नरेंद्र मोदी बनारस से चुनाव लड़ते हैं। उनके अलावा हिंदुत्व के सबसे कट्टर छवि वाले योगी आदित्यनाथ पिछले 7 साल से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। हिंदुत्व के दो सबसे बड़े फायर ब्रांड चेहरों के होते हुए भी यूपी में भाजपा का हारना बड़े सवाल खड़े करता है। लेकिन जिन विश्लेषकों को यूपी के नतीजे पर विश्वास नहीं हो रहा है, वे शायद यह भूल गए हैं कि उत्तर प्रदेश मान्यवर कांशीराम की भी कर्मभूमि है। 1970-80 के दशक में कांशीराम ने उत्तर प्रदेश में एक सांस्कृतिक आंदोलन के जरिए दलित, पिछड़ों और मुसलमानों के बीच बहुजन एकता स्थापित करने का प्रयास किया था। 1984 में उन्होंने बसपा जैसी राजनीतिक पार्टी बनाई। बसपा एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में आज भी समादृत है। मायावती चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं। एक समय मायावती को राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री के रूप में भी देखा जाने लगा था। लेकिन 2012 में यूपी विधानसभा चुनाव हारने के बाद बसपा आगे कोई सफलता हासिल कर नहीं कर सकी। 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद, 2017 में उत्तर प्रदेश भी भाजपा के हाथ में आ गया। भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया। इन वर्षों में मायावती की निष्क्रियता और खामोशी से दलित राजनीति हाशिए पर चली गई। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि इस जमीन पर दलित चेतना का विकास निरंतर होता रहा।

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार के पीछे यही दलित चेतना और अंबेडकरवादी चिंतन है। पिछले 10 साल में दलित या बहुजन राजनीति लगातार कमजोर होती गई। 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद मुसलमानों के खिलाफ एक मुहिम चलाई गई। हिंदू सांप्रदायिक उन्माद बढ़ता गया। मुसलमानों के खिलाफ दलितों-पिछड़ों के बीच साम्प्रदायिक प्रचार का पूरा तंत्र झोंक दिया गया। लेकिन सच्चाई यह है कि भाजपा और आरएसएस की अंदरूनी राजनीति असल में दलितों-पिछड़ों के अधिकार और राजनीतिक प्रभाव के खिलाफ है। आरएसएस जानता है कि मुसलमान कभी उनके लिए चुनौती नहीं बन सकते।

# कांवड़ यात्रा और नौकरशाही का सरकस

**@ राकेश अचल**

घुटने जबाब न दे गए होते तो मै भी एक बार कांवड़ यात्रा पर जरूर जाता और आरिफ आम वाले से आम लेकर जरूर खाता। कांवड़ यात्रा पर जाना महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि किसानों और बेरोजगारों पर लाठियां बरसाने वाली यूपी सरकार कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा करती है। मोहर्रम और मिलाद-उल नवी का जुलूस निकलने वालों को ये सुख हासिल नहीं है। हासिल इसलिए नहीं है क्योंकि सूबे में सरकार उनकी नहीं है।




मुझे हैरानी हुई जब मैंने मुजफ्फरनगर में पुलिस प्रशासन की और से जारी उस आदेश के बारे में पढ़ा, जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा के रास्ते में दुकाने लगाने वाले अपनी दुकानों के बाहर अपने नाम की पट्टियां भी लगाएं। मुझे अखबारनवीसी करते हुए चार दशक और लिखते पढ़ते पांच दशक हो गए हैं, ऐसा आदेश मैंने पहले देश के किसी हिस्से में नहीं देखा। मुझे लगता है कि यूपी में नौकरशाही पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ का असर इतना है कि नौकरशाही भी हिंदुत्व के रंग में रंग कर साम्प्रदायिक हो गयी है।

कहने को मुख्यमंत्री हों या पुलिस अधीक्षक दोनों हिन्दुस्तान के संविधान की शपथ लेकर जनसेवा के लिए अपने आपको प्रस्तुत करते हैं किन्तु दुर्भाग्य ये है कि दोनों में से कोई भी संविधान के तहत चलने के लिए तैयार नहीं है। सबका अपना एजेंडा होता है। 'यथा राजा, तथा प्रजा' अर्थात यदि सरकार का मुखिया साम्प्रदायिक होगा तो नौकरशाही अपने आप साम्प्रदायिक हो जाएगी। कोई भी सौ सिर का हो जाये इसे रोक नहीं सकता। कोई सरकार से सवाल नहीं करता की सरकार कि और से कांवड़ यात्रियों पर सरकारी खर्च से पुष्प वर्षा क्यों कराई जाती है और मोहर्रम के जुलूस या दूसरे धार्मिक जुलूसों के साथ ऐसा सम्मान क्यों प्रकट नहीं किया जाता ?

दरअसल सरकारों से सवाल करना अब अपराध की श्रेणी में आता है। ये सिलसिला केंद्र की तरफ से शुरू हुआ था और अब देशव्यापी हो गया है। सरकार या सरकारें 'सबका साथ -सबका विकास' का नारा जरूर देतीं हैं लेकिन विकास उसी का करतीं हैं जिसने सरकार का साथ दिया है। असहमत समाज के लिए किसी भी साम्प्रदायिक सरकार के पास कोई सुविधा नहीं है। असहमत समाज के लिए सरकार के पास बुलडोजर है, नौकरशाही के ऊल-जलूल आदेश हैं। सरकारें निरंकुश हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेने के बजाय वे और आक्रामक और बेलगाम हो रहीं हैं।

अल्पसंख्यक समाज की घोषित शत्रु डबल इंजिन की सरकारें अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों के खिलाफ जितना कर सकतीं हैं कर रहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार से दो कदम आगे निकलकर असम की भाजपा सरकार ने मुस्लिम विवाह कानून को ही रद्द कर दिया। सरकार तो सरकार है, कुछ भी कर सकती है भले ही उसे ऐसा करने का संवैधानिक अधिकार हो या न हो। संविधान डबल इंजिन की सरकारों के ठेंगे पर रहता है। हालाँकि संविधान से डबल इंजिन सरकारों का थोड़ा सा नाता बचा है। वे प्रतिपक्ष के संविधान बचाओ अभियान के जबाब में 'संविधान हत्या दिवस' जरूर मानाने की तैयारी कर रहे हैं।

मै अक्सर टीवी की खबरें नहीं देखता, लेकिन कल संयोग से देखी तो मुझे पता चला की मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा का करीब 240 किलोमीटर का रूट पड़ता है। इसलिए यह महत्वपूर्ण जिला है। यहां पुलिस के निर्देश के बाद दुकानों ने अपने-अपने नाम के साथ किस चीज की दुकान है, उसका नाम लिखकर पोस्टर लगा लिए हैं।

किसी ने अपने ठेले पर आरिफ आम वाला तो किसी ने निसार फल वाला की पर्ची लिखकर टांग ली है। मुझे तो लगता है की सरकार और नौकरशाही से ज्यादा संविधान का सम्मान ये गरीब फल बेचने वाले आल्पसंख्यक करते हैं। इनका सम्मान किया जाना चाहिए।

इस फरमान को लेकर विपक्षी नेता यूपी सरकार और यूपी पुलिस पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच पूर्व मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी का सोशल.मीडिया पोस्ट सामने आया है, जिसमें उन्होंने अधिकारियों के आदेश की आलोचना की है। नकवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, "कुछ अति-उत्साही अधिकारियों के आदेश हड़बड़ी में गड़बड़ी वाली अस्पृश्यता की बीमारी को बढ़ावा दे सकते हैं। आस्था का सम्मान होना ही चाहिए, पर अस्पृश्यता का संरक्षण नहीं होना चाहिए। जनम जात मत पूछिए, का जात अरु पात। रैदास पूत सब प्रभु के, कोए नहिं जात कुजात।"

नकवी के साथ मेरी पूरी सहानुभूति है। वे भाजपा के कायर मुस्लिम नेता हैं। भाजपा ने जब लोकसभा चुनावों के समय एक भी मुस्लिम को अपना प्रत्याशी नहीं बनाया था, तब नकवी कहाँ गए थे ? उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज से भी गयी-गुजरी आवाज है। आजकल सरकारें आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत की बात नहीं सुनती तो नकवी की बात को कौन सुनेगा ? बेहतर हो कि नकवी भाजपा में तिल-तिलकर घुटने के बजाय भाजपा छोड़कर किसी दूसरे दल में शामिल हो जाएँ। लेकिन ऐसा होगा नहीं। नकवी और उन जैसे भाजपा के तमाम मुस्लिम नेता 'सौ-सौ जूते खाएं, तमाशा घुसकर देखें' वाली स्थितियों में जो फंसे पड़े हैं। भाजपा के मुस्लिम नेताओं में कोई किरोड़ीमल मीणा नहीं है, जो अपमानित होकर सत्ता में रहने के बजाय अपना इस्तीफा देने का माद्दा रखता हो।

इस तुगलकी आदेश पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में लिखा कि जिसका नाम गुड्डु, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा। पूर्व सीएम मायावती ने भी कहा कि नया सरकारी आदेश गलत परंपरा है, इसे वापस लिया जाए। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुसलमान अछूत बना दिए गए हैं। पूर्व सांसद और प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख्तर और तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले ने इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

कांवड़ यात्रा के रास्ते में कावड़ यात्रियों के लिए सरकार को मुस्लिमों को खड़े होने की इजाजत ही नहीं देना चाहिये। मुस्लिम दुकानदारों से नेमप्लेट लगाकर कारोबार करने से बेहतर है कि उन्हें कांवड़ यात्रा के दौरान रास्ते से हटा ही दिया जाय। सरकार कांवड़ यात्रियों के लिए खुद उचित मूल्य की सरकारी दुकानें खोले और उनके बाहर नोटिस चस्पा करे कि ये दुकाने केवल हिन्दुओं द्वारा संचालित है और यहां से केवल हिन्दू ही खरीद-फरोख्त कर सकते हैं। सरकारें जब शराब बेच सकतीं हैं तो हिन्दू कांवड़ियों के लिए अलग से दुकाने क्यों नहीं खोल सकतीं ?

हिन्दू-मुसलमान करने का खमियाजा सरकार को आम चुनाव में भुगतना पड़ा था लेकिन सरकार की नींद नहीं खुली। सरकार पहले अयोध्या और हाल ही में बद्रीनाथ हारकर भी सबक लेने को तैयार नहीं है। सरकार तो अपना हिन्दू राष्ट्र मन ही मन बनाये बैठी है। उसका राजधर्म तो कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से फूल बरसाना है, तो है। आज की सरकारों के बारे में मेरे जैसा अदना सा लेखक क्या लिख सकता है? ऐसी साम्प्रदायिक सरकारों के लिए गोस्वामी तुलसीदास छह सौ साल पहले ही लिख गए थे -

फूलें फले न बेत जदपि सुधा बरसे जलद।
मूरख ह्रदय न चेत जो गुरु मिले विरंच सम ॥

देश के कांवड़ यात्रियों को अग्रिम शुभकामनाएं। भगवान भोलेनाथ उनका मनोरथ पूरा करें, क्योंकि बाकी के तमाम देवता तो सो गए हैं चार महीने के लिए। उनसे उत्तर प्रदेश की नौकरशाही की करतूतें शायद देखी नहीं गयीं।

## सर्पदंश से महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के सिकरी गांव में एक अधेड़ महिला की सर्पदंश से मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया।

ये हादसा शुक्रवार की रात सिकरी गांव में हुआ। बताया गया कि मीरा देवी (55) पत्नी मेवालाल गांव के सोहाई तालाब में डेरे में कमरे में रखे उपले निकालने गई थी। वहां छिपे सर्प ने डस लिया। पुत्र छेद्दू से सर्प काटने की बात बताई। परिजनों ने घरेलू इलाज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उपचार व सर्पदंश के इंजेक्शन लगाकर जिला अस्पताल रेफर किया। परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली कर्वी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

# जल शक्ति मंत्री ने लाभार्थियों को किया सम्मानित, हरिशंकरी का लगाया पौधा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला पंचायत बांदा अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी की मौजूदगी में मानिकपुर ब्लाक के हनुवा गांव में वन खंड रैपुरा रेंज में हरिशंकरी पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया।



वृक्ष बांटते जल शक्ति मंत्री।

शनिवार को जल शक्ति मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी केशव, छक्कीलाल, धानु, कमलेश, सुधा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि लाभार्थी कैलाशनाथ, मुन्नीलाल, लक्ष्मण प्रसाद, आंगनबाड़ी कार्यकत्री में लक्ष्मी, चंदा, आरती व विद्यालय के छात्र-छात्राओं में राजेश, सनी, प्रमोद कुमार, कुपोषित बच्चों में सोमराज, हंस, कृष्ण कुमार व ज्योति को फलदार व सहजन के पौधे बांटकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि 2017 में मुख्यमंत्री के आने के बाद जल संचय वृक्षारोपण अभियान में प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधो का लक्ष्य था। जिले में 74 लाख 12 हजार 671 पौधे लगाये जा रहे हैं। एक वृक्ष दस बच्चों के बराबर होता है। पहले गांव में नीम, बरगद, पीपल, पाकड़ के पेड़ के नीचे दोपहर को बुजुर्ग बैठते थे तो स्वस्थ रहते थे। बीमारी नहीं होती थी। वृक्ष जीवन देता है, ऑक्सीजन देता है।

विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने मंत्री का स्वागत कर कहा कि दो वर्ष पहले मुख्यमंत्री ने मानिकपुर के मटदर वन ब्लॉक में वृक्षारोपण किया था। वे पेड़ बड़े हो गये हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के वृक्षारोपण का पूरे प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधों का लक्ष्य है। जिले में 74 लाख पौधों का लक्ष्य है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार, डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह ने मंत्री व विधायक समेत जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।



वृक्ष लगाते बीडीओ आदि।

# बीडीओ ने गढचपा में किया वृक्षारोपण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर मानिकपुर बीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गढचपा गांव में सैकड़ों ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम लगाया।

शनिवार को बीडीओ शैलेन्द्र कुमार सिंह ने गढचपा गांव में पौधरोपण कर कहा कि सभी लोग पौधों को लगाकर संरक्षित करें, ताकि अच्छी वर्षा हो सके। इस मौके पर एपीओ विपिन द्विवेदी, ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार, प्रधान श्रीमती ननकी देवी, ग्राम पंचायत सदस्य अरुण सिंह बघेल उर्फ मिंटू

## दो जुआरियों को हुआ दो-दो सौ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी थाना मानिकपुर व पैरोकार सुजीत यादव की पैरवी से न्यायालय ने दो जुआरियों को न्यायालय उठने तक की सजा व दो-दो सौ रुपये के जुर्माना से दंडित किया। शनिवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर सुश्री खुशबू चन्द्रा ने मानिकपुर थाने में दर्ज जुआ अधिनियम के आरोपी अरुण सोनकर पुत्र गेंदालाल मानिकपुर रुलर व सोमचन्द्र पुत्र माताबदल बाल्मीकिनगर कस्बा मानिकपुर को न्यायालय उठने तक की सजा व दो-दो सौ रुपये के जुर्माना दंडित किया।

## 17 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने शिवमंगल यादव पुत्र स्व अड्डा पयासी पुरवा मजरा चिल्लीमल के कब्जे से 17 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, दीवान बृजेन्द्र कुमार, सिपाही शक्ति सिंह, राहुल पुरी शामिल रहे।

# रेंजर की मिलीभगत से जेसीबी से उजाडे हरे-भरे पेड

### सैकडों बीघा जंगल भूमि साजिश से भू-माफिया ने ली

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान में लोग बढ-चढकर हिस्सा ले रहे हैं। इस अभियान को मारकुण्डी रेंज में पलीता लगाया जा रहा है। अभियान से उलट हरे भरे जंगलों को उजाडा जा रहा है। ये खुलासा मानिकपुर तहसील के मारकुण्डी रेंज में हुआ। बताया गया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व मारकुंडी रेंज- 2 के जंगलों में खुलेआम जेसीबी से पेड़ों को नष्ट किया जा रहा है। जिम्मेदार कार्यवाही की बजाय खामोश हैं। मानिकपुर-इटवां डुडैला मार्ग के मारकुंडी स्थित मार्कडेंय फीलिंग स्टेशन के पास



जेसीबी से उखाडे पेड का दृश्य।

वन विभाग की भूमि को पट्टे की भूमि दिखाकर सैकड़ों बीघा में चहारदीवारी से घेरा है। वहां हजारों की तादाद में खैर, सेझा, धवा, तेंदू, अचार, कहुवा आदि प्रतिबंधित हरे पेड़ लगे थे। अब इन पेड़ों को जेसीबी से उजाडा जा रहा है। ये जंगल रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के कोर जोन में आता है। टाइगर रिजर्व के कोर जोन में किसी का प्रवेश प्रतिबंधित है। यहां डेढ़ सौ बीघे में चहारदीवारी बनाकर समतल किया जा रहा है।

ग्रामीण सचिन, नत्थू, शिवनरेश व दीपक ने कहा कि जो जंगल भूमि में चहारदीवारी बनाकर हरे-भरे पेड़ों को नष्ट कर रहा है। जिला मुख्यालय के नामी होटल में वन क्षेत्राधिकारी मारकुंडी मो नदीम ठहरे हैं। वन विभाग में मनमुआफिक भ्रष्टाचार के बदले रेंजर को ठहरने को एसी रूम दिया है। मारकुंडी रेंजर मो नदीम मारकुंडी आवास में ठहरने की बजाय कर्वी स्थित होटल में ठहरे हैं। अब अंदाजा लगा सकते हैं कि रेंजर वन संपदा की सुरक्षा के प्रति कितने ईमानदार हैं। योगी राज में ऐसी लापरवाही क्षम्य नहीं है। लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं हो रही।

रानीपुर टाइगर रिजर्व क्षेत्र एक किमी सीमा में निर्माण-खनन प्रतिबंधित है। बाघ अभ्यारणों की सीमा से एक किमी भीतर खनन-निर्माण आदि न्यायालय आदेश की अवमानना है। 26 अप्रैल 2023 के फैसले में निर्देश दिये हैं कि किसी राष्ट्रीय उद्यान व वन्यजीव अभ्यारण के भीतर व सीमा से एक किमी क्षेत्र में निर्माण या खनन की अनुमति नहीं होगी। रानीपुर टाइगर रिजर्व में इन नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

बातचीत में जिन लोगों ने भूमि बेंची है, बताया कि 20 वर्ष पहले बसपा शासन में भूमिहीनों के नाम पट्टे हुए थे। जमीन नापकर नहीं दी गई थी। उस भूमि में जोता-बोया नहीं गया। जहां चहारदीवारी है, वहां उनका कुछ नहीं था। जंगल से दूर खेती करने को कहा गया था। कृषि योग्य भूमि न होने व सिंचाई न होने से खेती नहीं हो रही थी। पट्टे की भूमि की श्रेणी बदलकर विक्रय हुआ है। सरकार भूमिहीनों को पट्टा देती है। जिसमें खेती कर परिवार का भरण-पोषण कर सकें। सरकार के दिये पट्टे का दुरुपयोग हो रहा है। पट्टे की भूमि की श्रेणी बदलकर नियम-कानून ताक में रखकर लेखपाल ने खरीद-फरोख्त कराई है। पूरे मामले में जिम्मेदारों

# एसपी ने वृक्ष लगा पर्यावरण जागरूकता का दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री के जारी आदेश में वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण अभियान में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कोल गदहिया मरजादपुर में लांग फायरिंग बट को आवंटित भूमि में बरगद का पौधा लगाया। लांग फायरिंग बट को आवंटित भूमि में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ सिटी राजकमल, सीओ मऊ जयकरन सिंह समेत 50 पुलिस कर्मियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया।



पेड लगाते एसपी के साथ पुलिस अधिकारिगण।

शनिवार को वन महोत्सव अभियान में पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों ने सोनेपुर स्थित पुलिस कार्यालय में वृक्षारोपण कर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया।

## गुणवत्ता विहीन बन रहा प्रवेश द्वार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सतना से मारकुंडी के तुलसी प्रपात जाने वाले मार्ग पर एक करोड़ से अधिक लागत से तैयार प्रवेश द्वार पर लगाई जा रही थर्ड क्वालिटी की ईंट की शिकायत लोगों ने की है।

शनिवार को एक करोड की लागत से तैयार हो रहे प्रवेश द्वार पर थर्ड क्वालिटी की ईंट लगाकर धौलपुर पत्थरों से छुपाकर खामियों पर पर्दा डाला जा रहा है। लोनिवि प्रथम के बनवाये जा रहे प्रवेश द्वार पर ठेकेदार व विभाग के नुमाइंदे कार्य दौरान मौजूद नहीं रहते। मजदूरों के दम पर कार्य हो रहा है। कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बरती जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि ऑफिस में धौलपुर पत्थर व ईंट मंगवाकर गुणवत्ता की जांच करेंगे। गुणवत्ता की जांच क्या इसी प्रकार होती है या मौके पर होती है- ये बडा सवाल है।

# वन महोत्सव में हुआ वृक्षारोपण

### वृक्ष मानव जीवन का अभिन्न अंगः एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधान- सचिव-लेखपाल वृक्षारोपण कर रहे हैं। नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र में तीन हजार वृक्ष एसडीएम प्रमोद कुमार झा व एसडीएम न्यायिक तथा सीओ व अध्यक्ष नगर पंचायत संजीव मिश्र ने लगाये।

शनिवार को प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, इंटर कॉलेज, महाविद्यालयों में वृक्ष लगाये गये। एसडीएम प्रमोद कुमार झा व एसडीएम न्यायिक फूलचंद यादव, सीओ निष्ठा उपाध्याय, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने तहसील परिसर में एक सैकड़ा वृक्ष लगाये। नगर पंचायत राजापुर के विस्तारित क्षेत्र व तुलसी स्मारक परिसर में तीन हजार वृक्ष लगाये। इस मौके पर ईओ बीएन कुशवाहा, वार्ड-5 आजादनगर ने फलदार, छायादार



वृक्ष लगाते एसडीएम आदि।

व औषधीय गुणों से युक्त वृक्ष लगाये। एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि एक वृक्ष मां के नाम हर व्यक्ति लगाये। इससे शुद्ध वायु, जलवायु व पर्यावरण को शुद्ध बनाने में मदद मिलेगी। हरित क्रांति लाने को 18 गांव में राजस्व निरीक्षक, लेखपालों व प्रधानों को 5090 वृक्ष लगाने का लक्ष्य दिया है। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजीव दुबे, सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अनिल गुप्ता, वार्ड मेम्बर तारिणी शुक्ला, लेखपाल प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में हमलावर।

# जेई पर जानलेवा हमले का आरोपी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में पुलिस ने ऑन ड्यूटी जेई पर हमला करने वाले को गिरफ्तार किया है।ज्ञात है कि छह जुलाई 2024 को 33/11 केवी विद्युत मऊ के जेई मोहित नवलानी ने थाना मऊ में रिपोर्ट लिखाई कि वह कस्बा मऊ में ऑन ड्यूटी थे। विजयराज गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता व सुरेश गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद गुप्ता कस्बा मऊ ने सरकारी कार्य में बाधा डालकर जान से मारने की गरज से डंडे से सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों की गिरफ्तारी को दरोगा इन्द्रजीत गौतम को निर्देश दिये। दरोगा ने शनिवार को आरोपी विजयराज गुप्ता को घटना में प्रयुक्त डंडे समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा इन्द्रजीत गौतम व सिपाही राहुल पाण्डेय शामिल रहे।

# कोटेदारों से लोगों को लुटवा रही सरकारः अनुज

## कोटेदार सौ रुपये लेकर देता घटिया सामग्री

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि राशन दुकानों में योगी सरकार कार्ड धारकों से सौ रुपये लेकर बेहद घटिया किस्म की फर्जी कंपनी के साबुन, निरमा व चाय पत्ती देने के नाम पर लोगों को लूट रही है। कार्ड धारक सामान लेने से मना करते हैं तो राशन न देने की धमकी कोटेदार दे रहा है।

शनिवार को सपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि एक तरफ योगी व मोदी सरकार मुफ्त राशन का ढिंढोरा पीट रहे हैं। दूसरी ओर सरकार कोटेदार से कार्डधारकों को लुटवा रही है। सौ रुपये जबरियां वसूले जा



सपा नेता अनुज सिंह यादव।

रहे हैं। साबुन, निरमा, चाय पत्ती के नाम पर ये वसूली गांव-गांव जारी है। गरीब राशन कार्ड धारक परेशान हैं। सपा शासनकाल दौरान कार्ड धारकों को निःशुल्क समाजवादी राहत पैकेट मिलता था। जिसमें घी, शक्कर, आलू, हल्दी, नमक, सरसों तेल, चीनी आदि सामान मिलता था। ये सभी सामान ब्रांडेड कंपनी का होता था। समाजवादी पार्टी ने प्रशासन से मांग किया कि सौ रुपये में कोटे में मिलने वाली सामग्री निरमा, चाय पत्ती, कपड़े व बर्तन धोने की साबुन की गुणवत्ता की जांच कराई जाये। कोटेदार पर कड़ी कार्यवाही की जाये। जो कार्ड धारक सौ रुपये देने में असमर्थ हैं व सामग्री लेने के इच्छुक नहीं है, उन्हें खाद्यान्न देने से न रोका जाये। प्रशासन ने मांग न मानी तो सपा आंदोलन को बाध्य होगी।

## एसिड अटैक पर पति को हुई दस साल की सजा, सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में एसिड अटैक के पहले मामले में जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने विवाहिता को एसिड अटैक से जलाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर पति को दस वर्ष की सजा व 15 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।शनिवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बांदा जिले के बबेरू कस्बे की नहर पट्टी की साधना देवी ने पति दिनेश कुमार पर रिपोर्ट लिखाई थी कि चार फरवरी 2016 को उसकी शादी बांदा जिले के नहर पट्टी बबेरू के दिनेश कुमार के साथ हुई थी। शादी बाद से ही ससुरालीजन दहेज को लेकर ताना मारने लगे। मायके से मोटरबाइक व सोने की जंजीर और पचास हजार रुपये लाने का दबाव बनाने लगे।

## पालिका अध्यक्ष के साथ कमिश्नर ने रोपे पौधे

### लोढवारा के हरे-भरे वृक्षों को देख जताई खुशी



वृक्षारोपण का शुभारम्भ करते व अटल पार्क में पौधा लगाते कमिश्नर आदि।

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम मंडल बांदा के नोडल अधिकारी/कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी ने पौधरोपण अभियान पर लोढ़वारा गांव में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा सीडीओ अमृतपाल कौर की मौजूदगी में श्रीराम ग्राम वन वृक्षारोपण का फीता काटकर शुभारंभ कर पौधरोपण किया।शनिवार को पिछले वर्ष लोढ़वारा में श्री कालेश्वर नाथ वन ब्लॉक में हुए वृक्षारोपण का निरीक्षण किया। हरा-भरा मिलने पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह व प्रधान शकुंतला देवी को बधाई दी। कहा कि इस वर्ष जो पौधे लगाये गये हैं, वह भी इसी तरह हरे-भरे रहें। कमिश्नर ने पर्यावरण संरक्षण को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर हर व्यक्ति में भारी उत्साह देखने को मिला। ये अभियान पर्यावरण संरक्षण को वरदान साबित होगा। डीसी मनरेगा व प्रधान ने आयुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। डीसी मनरेगा ने बताया कि वन ब्लॉक में पांच सौ पौधे आज लगाये गये हैं। मंडलायुक्त ने नगर पालिका परिषद कर्वी की ओर से शहर के अटल पार्क में हरिशंकरी का पौधा लगाया। इस मौके पर अध्यक्ष नगर पालिका कर्वी नरेंद्र गुप्ता, ईओ लालजी यादव समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## बलूचिस्तान प्रांत में मालगाड़ी के तीन डिब्बे बेपटरी, पाकिस्तान-ईरान रेल सेवा निलंबित



**चगाई।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के चगाई जिले में एक मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। यह मालगाड़ी ताफ्तान से क्वेटा जा रही थी। इस वजह से पाकिस्तान-ईरान रेल सेवा निलंबित कर दी गई है। यह खबर समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने प्रसारित की है। रेलवे अधिकारियों ने कहा है कि पाकिस्तान और ईरान के बीच रेल सेवा निलंबित कर दी गई है और बचाव दल ने राहत अभियान शुरू कर दिया है। हाल ही में बलूचिस्तान प्रांत के दलबंदिन के पास एक ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बाद भी ईरान के लिए रेल सेवा निलंबित कर दी गई थी। पिछले साल भी इलाके में भारी बारिश के बाद पाकिस्तान और ईरान के बीच रेल सेवा निलंबित की गई थी। उल्लेखनीय है कि चगाई क्षेत्रफल के हिसाब से पाकिस्तान का सबसे बड़ा जिला है। यह बलूचिस्तान प्रांत के उत्तर-पश्चिमी कोने में है। यह जिला दो देशों अफगानिस्तान और ईरान के साथ सीमा साझा करता है।

## नेपाल में नदी में समाई बसों और यात्रियों को खोजने के लिए एनडीआरएफ ने संभाली कमान



**काठमांडू।** पिछले सप्ताह शुक्रवार तड़के सुबह त्रिशुली नदी में समाई दो बसों और लापता यात्रियों की खोज अभियान की कमान भारत से पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने संभाल ली है। टीम ने चितवन के सिमलताल के पास रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया।

नेपाल सरकार के औपचारिक आग्रह को स्वीकार भारत सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ) के 12 सदस्यों को भेजा है। चितवन के जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने टीम के शनिवार सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभालने की पुष्टि की है।

उल्लेखनीय है कि अब तक दोनों बसों का सुराग नहीं मिल पाया है। दोनों बसों में 65 यात्री थे। शुक्रवार शाम तक 23 यात्रियों के शव ही बरामद हो पाए है। अब तक रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाल रहे सशस्त्र पुलिस बल के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने कहा कि अधिकांश शव 150 किलोमीटर दूर मिल पाए हैं।

## चीन की पांडा कूटनीति के कई हैं विजेता



चीन की अनूठी पांडा कूटनीति से इन संरक्षित वन्यजीवों को बहुत फायदा हो रहा है. विदेशी वैज्ञानिकों और चिड़ियाघरों के सहयोग से पांडाओं की आबादी बढ़ रही है.

शायद आपने भी पांडा के ऐसे वीडियो देखे हों, जिनमें कभी तो वे उंघते-उंघते ही अचानक लुढ़क जाते हैं, कभी चिड़ियाघर में केअरटेकर के पैरों से चिपककर उन्हें काम नहीं करने देते, कभी टायर के झूले पर बैठने की दसियों कोशिशों में हर बार गिरते-पड़ते हैं, तो कभी बस बस चुपचाप हरी बांस चबा रहे होते हैं. पांडा सोशल मीडिया के सबसे चहेते सितारों में से एक है

पांडा की पहचान चीन से जुड़ी है. केवल चीन में ही पांडा प्राकृतिक बसाहट में पाए जाते हैं. चीन उनका कुदरती घर है. जायंट पांडा दशकों से चीन का एक प्रतीक रहा है. दूसरे देशों के साथ दोस्ताना ताल्लुकात बढ़ाने, रिश्ते बेहतर करने और व्यापारिक संबंध मजबूत करने के लिए चीन अपने यहां पाए जाने वाले इस प्यारे जीव की मदद लेता आया है.

**बतौर लोन दूसरे देशों को पांडा देता है चीन**

दूसरे देशों को कूटनीतिक उपहार के तौर पर पांडा भेंट करना चीन की पुरानी शैली रही है. बीते कई दशकों से चीन पांडा को बतौर उधार भी दूसरे देशों को देता आया है. इसे चीन की पांडा डिप्लोमसी कहते हैं. अमूमन यह लोन 10 साल के लिए होता है, जिसे आगे भी बढ़ाया जाता है. बदले में मेजबान देश चीन को प्रति पांडा एक तय रकम देता है.

लोन की अवधि के दौरान पांडा के बच्चे हुए, तो वे भी चीन भेजे जाते हैं. मसलन, दिसंबर 2023 में बर्लिन चिड़ियाघर ने अपने यहां जन्मे पिट और पाउल नाम के पांडा के बच्चों को चीन भेजा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# सत्ता के लिए नेपाली कांग्रेस ओली के करीब आई, पर नहीं है भरोसा



**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली रविवार को संसद में विश्वास मत का प्रस्ताव पेश करेंगे। कुछ को छोड़कर अधिकतर पार्टियां ओली सरकार के विश्वास मत प्रस्ताव के समर्थन में मतदान करने का फैसला कर चुकी हैं, लेकिन ओली सरकार को समर्थन देने वाले सबसे बडे. दल नेपाली कांग्रेस के दोनों महासचिवों ने ओली के प्रति अविश्वास प्रकट करने वाला बयान दिया है। नेपाली कांग्रेस के दोनों महासचिवों ने शनिवार को अलग-अलग कार्यक्रमों में कहा कि भले ही उनकी पार्टी सरकार में है और ओली उनकी पार्टी के समर्थन से प्रधानमंत्री बने हैं लेकिन ओली पर अभी भी पूरी तरह से विश्वास नहीं हो पा रहा है

नेपाली कांग्रेस के महासचिव गगन थापा ने काठमांडू में एक कार्यक्रम में कहा कि सीपीएन (यूएमल)के साथ हुए समझौते को अब तक सार्वजनिक नहीं किए जाने से अविश्वास का माहौल पैदा हो रहा है। थापा ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि रविवार को जब संसद में प्रधानमंत्री ओली विश्वास का प्रस्ताव पेश करेंगे तब उनकी तरफ से उस समझौते को अवश्य सार्वजनिक करेंगे जो दोनों दलों के बीच हुआ है। थापा ने यहां तक कह दिया कि दोनों दलों में आधा-आधा कार्यकाल प्रधानमंत्री का पद संभालने को लेकर भी सहमति हुई है लेकिन अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद ओली पद छोड़ेंगे, इसको लेकर सबके मन में आशंका है। थापा ने कहा कि हम चाहे जितना भाषण दें लेकिन सच्चाई यह है कि ओली के द्वारा सत्ता का हस्तांतरण होगा, यह पूरे विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता है।

नेपाली कांग्रेस के दूसरे महामंत्री विश्वप्रकाश शर्मा ने कहा कि ओली का पिछला इतिहास देखते हुए उन पर आंख बंद करके भरोसा नहीं किया जा सकता है। जिस तरह का ओली का काम करने का तरीका है और जो उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में किया है उसके बाद उन पर पैनी नजर बना कर रखनी होगी। उनकी हर गतिविधि और फैसले को बहुत ही बारीकी से देखना होगा। ओली कम्युनिस्ट नेता हैं, उनकी सोच, उनकी कार्यशैली कांग्रेस जैसे लोकतांत्रिक चरित्र वाली पार्टी से मेल नहीं खाता। चाहे जिस परिस्थिति में भी इस सरकार का गठन हुआ हो लेकिन नेपाली कांग्रेस को हमेशा सजग रहना होगा।

# अगले चुनाव में प्रचण्ड के साथ गठबन्धन नहीं करने को लेकर ओली-देउवा सहमत



**काठमांडू।** नेपाल में दो बड़े राजनीतिक दलों के बीच बने सत्ता गठबन्धन को आगामी चुनाव तक कायम रखने और चुनाव में माओवादी के साथ गठबन्धन नहीं कर अकेले-अकेले चुनाव लड़ने की शर्त पर सहमति हुई है

माओवादी के साथ गठबन्धन तोड़ कर नेपाली कांग्रेस के साथ जाने से पहले दोनों दलों में लिखित सहमति हुई है। हालांकि यह सहमति अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है लेकिन इन दलों के नेताओं ने लिखित सहमति की कुछ बातों को सार्वजनिक कर दिया है। नेकपा एमाले के उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री ईश्वर पोखरेल ने कहा है कि इस गठबन्धन को आगामी चुनाव तक ले जाने की सहमति हुई है। लेकिन इसके लिए एक शर्त यह है कि दोनों में से कोई भी दल प्रचण्ड के नेतृत्व में रहे माओवादी पार्टी के साथ गठबन्धन नहीं करेगा।

एमाले उपाध्यक्ष ने कहा कि माओवादी के कारण इस देश में राजनीतिक स्थिरता नहीं आ पाई है। उन्होंने माओवादी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रचण्ड एक अस्थिर चरित्र के नेता हैं और देश में अस्थिरता कायम रखने के लिए अलग-अलग दलों से गठबंधन कर चुनाव लड़ते हैं। संविधान सभा के बाद हुए पहले चुनाव में माओवादी ने एमाले के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन दो साल के बाद ही अपनी पार्टी की सरकार गिरा कर कांग्रेस की सरकार को समर्थन कर दिया था। माओवादी ने कांग्रेस सरकार में रहते हुए ओली के साथ गबन्धन कर चुनाव लड़ा और बीच में कभी कांग्रेस के साथ मिल कर और कभी एमाले के साथ मिलकर सरकार गिराते रहे और बनाते रहे। इस बार भी तीसरी पार्टी बनने के बाद भी माओवादी ने कांग्रेस गठबन्धन में होने के बावजूद पहले तो एमाले के साथ मिल कर सरकार बनाई फिर एक महीने में यह गठबन्धन तोड़ कर कांग्रेस के साथ सरकार चलाई। एक वर्ष बाद फिर बिना किसी कारण यह गठबन्धन भी तोड़ कर एमाले के साथ सरकार चला रहे थे।

प्रचण्ड इतने पर ही नहीं रुके। अभी ओली के साथ सरकार चलाते हुए चार महीने ही हुए थे कि फिर से कांग्रेस के साथ बातचीत शुरू कर दी। यही कारण है कि इस बार दोनों दलों ने मिल कर माओवादी से किनारा किया और आपस में गठबन्धन कर लिया। नेपाली कांग्रेस ने भी एमाले नेता के इस दावे का समर्थन किया है कि अगले चुनाव में माओवादी के साथ कोई गठबन्धन नहीं किया जाएगा।

नेपाली कांग्रेस नेता डॉ. मिनेन्द्र रिजाल ने कहा कि सरकार की स्थिरता के लिए ही यह गठबंधन बनाया गया है। छोटे दलों के सत्ता के लिए बार्गेनिंग करने के कारण दोनों बड़े दलों ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रचण्ड सहित छोटे दलों के सत्ता में रहने और बड़े दलों को विपक्ष में रखने से जनमत का अपमान हो रहा था। इसलिए देउवा और ओली एक जगह आए हैं और आगामी चुनाव में बिना प्रचण्ड के साथ गठबन्धन के अकेले चुनाव लड़ने की शर्त पर ही गठबन्धन बना है।

# सीपीसी केंद्रीय कमेटी ने चौतरफा सुधार बढ़ाने के लिए बैठक की



**बीजिंग।** चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी ने हाल ही में पेइचिंग में बैठक कर चौतरफा सुधार और गहराने और चीनी आधुनिकीकरण बढ़ाने पर विभिन्न लोकतांत्रिक पार्टियों, अखिल चीन उद्योग व वाणिज्य संघ के जिम्मेदार व्यक्तियों और दल रहित हस्तियों के प्रतिनिधियों की राय सुनी।

सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव शी चिनफिंग ने इस बैठक की अध्यक्षता की। राय व सुझाव सुनने के बाद शी चिनफिंग ने एक अहम भाषण दिया।

उन्होंने बल दिया कि चौतरफा सुधार और गहराने के लिए समस्याओं का सीधा सामना करना है। हमें विकास की जरूरत और जनता की आकांक्षा के अनुरूप होकर मुख्य तौर पर उच्च गुणवत्ता विकास बाधित करने वाली समस्याओं को दूर करना, सामाजिक न्याय व निष्पक्षता और जन-जीवन सम्बंधी ज्वलंत सवालों का समाधान करना, विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद खतरे का निपटारा करना है। एक तरफ हमें चीनी आधुनिकीकरण बढ़ाने के लिए व्यापक सुधार लागू करना है, दूसरी तरफ हमें आर्थिक व्यवस्था को उजागर कर तांत्रिक बाधाएं और ढांचागत विरोधाभास दूर करना है।

शी चिनफिंग ने कहा कि चौतरफा सुधार और गहराने के लिए हमें समानताएं बनानी हैं। हमें समग्र पार्टी और जनता की सक्रियता, पहलकदमी, सृजनात्मकता प्रेरित कर एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। हमें बुनियाद व जनता की सृजनात्मक भावना का सम्मान करना है।

## पाकिस्तान सरकार टीटीपी सरगना महसूद और घाट हाजी पर कसेगी शिकंजा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) सरगना नूर वली महसूद के लीक फोन कॉल का फॉरेंसिक विश्लेषण कराने और महसूद व आतंकी अहमद हुसैन उर्फ घाट हाजी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का फैसला किया है। इस लीक कॉल से आतंकी साजिश का खुलासा हुआ है। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि सरकार न केवल अफगानिस्तान से आतंकवादियों के प्रत्यर्पण की मांग करेगी, बल्कि पाकिस्तान में टीटीपी प्रमुख की मौजूदगी और देश के अंदर आतंकवादी हमलों में उसकी सीधी संलिप्तता पर अफगान तालिबान के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध भी दर्ज कराएगी। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले नूर की यह फोन कॉल सामने आई है। वह पाकिस्तान में हमलों के लिए अपने गुर्गों को निर्देश दे रहा है। इस ऑडियो कॉल में स्थानीय कमांडर अहमद हुसैन महसूद उर्फ ??घाट हाजी और साकिब गंडापुर की आवाज सुनाई पड़ रही है। इस बातचीत में सरगना नूर वली महसूद सरकारी स्कूलों या अस्पतालों पर बम विस्फोट करने को कहते हुए ताकीद कर रहा है कि इस बार हमले का जिम्मा नहीं लिया जाए। साथ ही पुलिस अधिकारियों और सैनिकों के घरों को निशाना बनाया जाए।

उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरूआत में आतंकी हमलों में पाकिस्तान सेना के कम से कम आठ सैनिक मारे जा चुके हैं। साथ ही 15 जुलाई को सुरक्षा बलों ने बन्नू छावनी में एक आतंकी हमले को विफल करते हुए 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इस घटना के बाद पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में अफगानिस्तान के दूतावास के मिशन के उप प्रमुख को तलब किया था।

## बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच 245 भारतीय स्वदेश लौटे




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में छात्रों के जारी हिंसक विरोध-प्रदर्शन के बीच वहां रहने वाले 15,000 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन और अराजकता के बीच शुक्रवार रात को 245 भारतीय स्वदेश लौट आए हैं। बांग्लादेश में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़क गई है। इसमें करीब 30 व्यक्तियों की मौत हो चुकी है और कोई अन्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बांग्लादेश में रह रहे 8,500 छात्रों सहित 15,000 भारतीय सुरक्षित हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग वहां रह रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है।

उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से शुक्रवार रात आठ बजे तक 245 भारतीय सुरक्षित भारत लौट आए, जिसमें से 125 छात्र हैं। सूत्रों ने बताया कि भारतीय उच्चायोग ने नेपाल के 13 छात्रों की सुरक्षित वापस के लिए भी मदद की। जायसवाल ने कहा, ह्वजैसा कि आप जानते हैं कि बांग्लादेश में छात्रों का प्रदर्शन जारी हैं। हम इसे उनका आंतरिक मामला मानते हैं ह्व उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर खुद वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के संदर्भ में मामले पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा -बेनापोल-पेट्रापोले; गेदे-दर्शना और अखौरा-अगरतला सीमा भारतीय नागरिकों के सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए खुली रहेंगी।

जायसवाल ने कहा, ह्वहमने बांग्लादेश में रहने वाले अपने छात्रों सहित भारतीय नागरिकों के लिए उनकी सुरक्षा और आवश्यकता पड़ने पर सहायता के लिए एक परामर्श जारी किया है।

# पीएम मोदी के एक्स पर सर्वाधिक फॉलोअर्स होने पर एलन मस्क ने दी बधाई



**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर 100 मिलियन (10 करोड़) फॉलोअर्स होने पर एक्स के मालिक एलन मस्क ने उन्हें बधाई दी। 19 जुलाई की रात करीब 11.11 बजे (भारतीय समयानुसार) मस्क ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पीएम मोदी को टैग कर उन्हें बधाई दी।

मस्क ने कहा, सर्वाधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता होने के लिए बधाई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एक्स के मालिक का चंद शब्दों का यह पोस्ट पलक झपकते ही वायरल हो गया और महज 20 मिनट के अंदर इसे 7.75 लाख से अधिक एक्स यूजर्स ने देखा।

प्रधानमंत्री 2009 में एक्स (तब ट्विटर नाम था) से जुड़े थे। पीएम मोदी ने 100 मिलियन यानी 10 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स के साथ सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बनने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन (38.1 मिलियन), दुबई के शाह शेख मोहम्मद (11.2 मिलियन) और पोप फ्रांसिस (18.5 मिलियन) जैसे अन्य विश्व नेताओं को भी काफी पीछे छोड़ दिया। मोदी के एक्स हैंडल पर पिछले तीन साल में लगभग 30 मिलियन फॉलोअर्स बढ़े हैं। यूट्यूब पर उनके लगभग 25 मिलियन सब्सक्राइबर हैं, जबकि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 91 मिलियन फॉलोअर हैं।

गत 14 जुलाई को आई रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक करोड़ से अधिक फॉलोअर हैं। उनके बाद स्टार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली (64.1 मिलियन), ब्राजीलियाई फुटबॉल स्टार नेमार जूनियर (63.6 मिलियन), अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स (52.9 मिलियन) जैसी हस्तियों का नंबर आता है।

कई वैश्विक खेल आइकन से भी ज्यादा फॉलोअर्स वाले पीएम मोदी की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से होता है कि उन्हें एक्स यूजर्स अमेरिकी गायिका और परफॉर्मर टेलर स्विफ्ट (95.3 मिलियन), गीतकार, गायिका और इंटरनेशनल परफॉर्मर लेडी गागा (83.1 मिलियन) और स्टार मीडिया पर्सनैलिटी किम कार्दशियन (75.2 मिलियन) जैसी मशहूर हस्तियों से भी कहीं अधिक लोग फॉलो करते हैं।